हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 211, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 2 फरवरी, 2024 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

# टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं

## 2014 से पहले के वक्त के आर्थिक कुप्रबंधन पर श्वेतपत्र लाएगी सरकार

नई दिल्ली। अंतरिम बजट पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए राज्य में कई विकास-सक्षम सुधारों की आवश्यकता है। राज्य सरकारों द्वारा मील के पत्थर से जुड़े सुधारों का समर्थन करने के लिए इस वर्ष 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में 75,000 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि मैं आयात शुल्क सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए समान कर दरों को बनाए रखने का प्रस्ताव करती हूं।




उन्होंने कहा कि राजकोषीय घाटे का संशोधित अनुमान सकल घरेलू उत्पाद का 5.8% है, नाममात्र वृद्धि अनुमान में कमी के बावजूद बजट अनुमान में सुधार हुआ है। सीतारमण ने कहा कि आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं। प्रत्यक्ष और परोक्ष कर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा। वित्त वर्ष 2024-25 में 30.80 लाख करोड़ रुपये की कुल प्राप्तियां (उधारी को छोड़कर) रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि कर रिटर्न की प्रक्रिया में लगाने वाला समय 2014 में 93 दिन से घटकर अब 10 दिन रह गया है, रिफंड तेजी से किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के तेजी से विकास में राज्यों की मदद करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार 2014 से पहले के वक्त के आर्थिक कुप्रबंधन पर श्वेतपत्र लेकर आएगी। निर्मला सीतारमण ने कहा कि घरेलू पर्यटन के उत्साह को संबोधित करने के लिए, लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीपों पर बंदरगाह कनेक्टिविटी, पर्यटन बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के लिए परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए राज्य में कई विकास-सक्षम सुधारों की आवश्यकता है। राज्य सरकारों द्वारा मील के पत्थर से जुड़े सुधारों का समर्थन करने के लिए इस वर्ष 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में 75,000 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है।

उन्होंने कहा कि 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1% रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि एफडीआई 'फर्स्ट डेवलप इंडिया' है... 2014 से 2023 के दौरान एफडीआई प्रवाह 596 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो एक स्वर्ण युग का प्रतीक है। यह 2005 से 2014 के बीच एफडीआई प्रवाह का दोगुना था। निरंतर एफडीआई के लिए, हम विदेशी भागीदारों के साथ द्विपक्षीय निवेश संधियों पर बातचीत कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि जुलाई में पूर्ण बजट में हमारी सरकार विकसित भारत के लक्ष्य के लिए एक विस्तृत रोडमैप पेश करेगी। उन्होंने कहा कि राजकोषीय घाटे का संशोधित अनुमान सकल घरेलू उत्पाद का 5.8% है, नाममात्र वृद्धि अनुमान में कमी के बावजूद बजट अनुमान में सुधार हुआ है।

### अखिलेश यादव बोले, ये विदाई बजट है... भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया

लखनऊ। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट पेश कर दिया है। इस बजट में कई घोषणाएं की गई हैं। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने इसे भाजपा का विदाई बजट करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। ये भाजपा का विदाई बजट है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में सरकार की उपलब्धियों से लेकर विकसित भारत के लिए रोडमैप रखा है।

# '2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी', अंतरिम बजट पर पीएम मोदी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने अंतरिम बजट की परंपरा जारी रखी है। बता दें कि अंतरिम बजट में अब तक लोकलुभावन घोषणाएं नहीं की जाती रही हैं। इसी वजह से सरकार ने किसी तरह के बड़े एलान करने से परहेज किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया अंतरिम आम बजट समावेशी और नवोन्मेषी होने के साथ ही देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। यह विकसित भारत के चार स्तंभों युवा, गरीब, महिला और किसान को सशक्त करेगा। बजट पेश होने के बाद प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। बजट समावेशी और नवोन्मेषी बजट है। इसमें निरंतरता का विश्वास है। यह देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। पीएम मोदी ने वित्त मंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई भी दी।



**युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब**– प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी एलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।'

**2 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य रखा**– प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों के लिए हमने गांव और शहरों में 4 करोड़ से अधिक घर बनाए हैं अब हमने 2 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य रखा है। हमने 2 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था, अब इस लक्ष्य को बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है।

**बजट में किसानों के लिए बड़े निर्णय**– उन्होंने कहा कि आज इस बजट में किसानों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण और बड़े निर्णय लिए गए हैं। NANO DAP का उपयोग, पशुओं के३ लिए नई योजनाएं, PM मत्स्य संपदा योजना के विस्तार और आत्मनिर्भर ऑयल सीड अभियान से किसानों की आय बढ़ेगी और खर्च कम होगा।

# बजट में रेलवे : तीन नए रेल कॉरिडोर, 40 हजार पुराने डिब्बों को वंदे भारत की तरह बदला जाएगा

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश कर दिया। दूसरे क्षेत्रों की तरह बजट में रेलवे क्षेत्र के लिए भी एलान हुए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में सरकार का फोकस वंदे भारत ट्रेनों पर रहा। अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। इनमें पहला ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, दूसरा पत्तन संपर्कता गलियारा और तीसरा अधिक यातायात वाला गलियारा है। बहुविध मॉडलों वाली संपर्कता (कनेक्टिविटी) को संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति के अंतर्गत इन परियोजनाओं की पहचान की गई है। इनसे रसद व्यवस्था संबंधी कार्यकुशलता बढ़ेगी और लागत में कमी आएगी। इसके चलते अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी। समर्पित मालभाड़ा गलियारों के साथ-साथ इन तीन आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों से हमारी जीडीपी की विकास दर बढ़ेगी तथा रसद व्यवस्था संबंधी लागत में भी कमी आएगी। एक अहम एलान में वित्त मंत्री ने कहा कि 40 हजार सामान्य बोगियों को वंदे भारत के पैमानों के अनुरूप विकसित किया जाएगा, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और सहूलियत को बढ़ाया जा सके। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछली बार रेलवे क्षेत्र के लिए भी कई अहम एलान किए थे। वित्त मंत्री ने बजट में रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय की घोषणा की थी। यह वित्त वर्ष 2013-14 में किए गए परिव्यय का लगभग नौ गुना था। बजट में रेलवे सेक्टर में निजी भागेदारी बढ़ाने की बात कही गई थी ताकि रेलवे के तहत सड़कों, शहरी बुनियादी ढांचे और बिजली जैसे ढांचागत विकास में मदद मिल सके। बजट भाषण में कहा गया था कि सरकार आने वाले समय में वंदे भारत और हाइड्रोजन ट्रेन जैसी कई ट्रेनों के संचालन में खर्च करेगी।



विधिक भाषा मे लेखानुदान जो कि अंतरिम बजट के माध्यम से प्रस्तुत है वह गरीब , किसान , नौजवान और महिला के बेहतरी हेतु फिक्रमन्दी की बात तो करता है परंतु गरीबी दूर करने हेतु केवल प्रधानमंत्री आवास और निम्न मध्यम वर्ग को अपना घर उपलब्ध कराने हेतु सहयोग की बात कर किसी अन्य विशेष सहयोग की बात नही करता। कृषि मद में तय आवंटन खेती किसानी के लागत को कम करने या किसानों को प्रत्यक्ष लाभ देने की बात न करते हुए कृषि उत्पादों के संरक्षण और मत्स्य पालन के लिए एक बड़ी राशि अवमुक्त कर कृषि आधारित रोजगार को बढ़ावा देता है। महिलाओ को अधिक से अधिक मुद्रा लोन देकर और आशा कार्यकात्रियो तथा आंगनबाड़ी की नियुक्ति कर उसे स्वावलंबी बनाने का प्रयास करता है । युवाओ के शिक्षा और रोजगार पर कुछ विशेष बात न कर एक लाख करोड़ रुपये निजी क्षेत्र को शोध इत्यादि पर न्यून या शून्य ब्याज पर देकर कही न कही सरकार युवाओ के भविष्य को सवारने का जिम्मा निजी हाथों को सौंपने को प्रतिबद्ध दिखती है । तीन सौ यूनिट सौर ऊर्जा से उत्पादित फ्री बिजली एक करोड़ परिवार को देने का वादा कर सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और समाज को स्वावलंबिता के मार्ग पर चलाने की तैयारी करते हुए दिखती है। स्वास्थ के क्षेत्र में मेडिकल कालेजों का निर्माण कर सरकार उसकी अधोसंरचना पर ही केवल काम करते दिखती है कोई उसमें बुनियादी बदलाव की मंशा न जाहिर करते हुए अपने गरीब, किसान , नौजवान और महिला की बेहतरी की वकालत करते हुए दिखती तो है परंतु उसको पूर्ण करने का जिम्मा वह निजी हाथों को ही सौंपती हुई दिखती है।



**डॉ शम्मी कुमार सिंह**

# बजट में किसानों के लिए क्या?: आत्मनिर्भर तिलहन अभियान 5 एकीकृत एक्वा पार्क, नैनो-डीएपी के इस्तेमाल का विस्तार

नई दिल्ली। 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने छठी बार बजट पेश किया। इस बजट के केंद्र में गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता रहे। अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि के लिए भी इस बजट में कई एलान हुए। बजट में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए 1.27 लाख करोड़ का आबंटन किया गया है। लोकसभा चुनावों से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में सरकार ने ग्रामीण विकास पर जोर दिया है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में बताया कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। पीएम-किसान सम्मान योजना के अंतर्गत हर वर्ष सीमांत और छोटे किसानों सहित 11.8 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा प्रदान किया गया है। अनेक दूसरे कार्यक्रमों के अलावा इन उपायों से अन्नदाता को देश और पूरी दुनिया के लिए अन्न पैदा करने में सहायता दी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ने 1361 मंडियों को एकीकृत कर दिया है और इसमें 3 लाख करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार हो रहा है और 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं मिल रही हैं। कृषि-क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्चतर संवृद्धि और उत्पादकता की ओर अग्रसर है। इन्हें कृषक-केंद्रित नीतियां लाकर, किसानों को उनके आय अर्जन में सहायता देकर, कीमत और बीमा के माध्यम से जोखिम कवरेज देकर, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचारों को बढ़ावा देकर सुगम किया गया है।



**कृषि क्षेत्र के लिए अहम घोषणाएं:** सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देगी। सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो-डीएपी के इस्तेमाल का विस्तार किया जाएगा। तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 'आत्मनिर्भर तिलहन अभियान' शुरू किया जाएगा। डेयरी विकास के लिए व्यापक कार्यक्रम बनाया जाएगा। जलीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने, निर्यात दोगुना करने और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जाएगा। पांच एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित किए जाएंगे।

**पिछली बार के बजट में किसानों को क्या मिला था?** – केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश करते हुए कृषि क्षेत्र के लिए कई एलान किए थे। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए किसानों को 20 लाख करोड़ तक ऋण बांटने की घोषणा की थी। इसके अलावा मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना की शुरूआत की गई।

# बजट पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा हासिल किए गए मील के पत्थर को दशार्ता है: अमित शाह



नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज (1 फरवरी) को अंतरिम बजट पेश कर दिया है। अंतरिम बजट में केंद्र सरकार ने लोगों के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि अंतरिम बजट 2024 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने का रोडमैप तैयार करता है। शाह ने यह भी कहा कि बजट भाषण भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बनाने की अपनी यात्रा में मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में हासिल किए गए मील के पत्थर पर प्रकाश डालता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अपना लगातार छठा बजट पेश किया। अमित शाह ने अपने अकाउंट पर लिखा कि बजट भाषण अमृत काल के दौरान भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बनाने की अपनी यात्रा में मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में हासिल किए गए मील के पत्थर पर प्रकाश डालता है। इन्हीं उपलब्धियों की नींव पर, विकसित भारत की भव्य इमारत का निर्माण किया जा रहा है। उत्कृष्टता की इस यात्रा के माध्यम से देश का नेतृत्व करने के लिए मोदी जी और व्यावहारिक बजट भाषण के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को मेरा हार्दिक आभार।

# अयोध्या के लिए आठ शहरों से शुरू हुई सीधी उड़ान सेवा देश के सभी आठ बड़े नगरों से जुड़ी राम की नगरी

लखनऊ। अयोध्या के नव्य-दिव्य-भव्य मंदिर में विराजित श्रीरामलला के दर्शन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अयोध्या पहुंचना और आसान हो गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री वीके सिंह ने 08 शहरों से अयोध्या आने-जाने के लिए स्पाइसजेट की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा, अहमदाबाद, चेन्नई, जयपुर, पटना, दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट द्वारा नॉन-स्टॉप उड़ान सेवाएं शुरू होने से अयोध्या की कनेक्टिविटी और बेहतर हो गई है, इससे पर्यटन में भी वृद्धि होगी। इससे पहले दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए अयोध्या से वायु सेवा प्रारंभ हो चुकी है, जो सफलता पूर्वक संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्याधाम के नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अभी एक माह ही हुआ है, लेकिन इस अल्प अवधि में ही अयोध्या की कनेक्टिविटी देश के इतने महत्वपूर्ण नगरों के साथ होना, अयोध्या के बेहतर भविष्य का संकेत देती है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से अयोध्या की शान बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग नई वायु सेवा का समुचित उपयोग करें और अयोध्या की सुंदरता और परंपरा को दुनिया के साथ साझा करें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या देश की आस्था का प्रतीक है। जनभावनाएं अयोध्या के साथ जुड़ी हुई हैं। प्रभु श्रीरामलला के साथ जुड़ी हैं। हर अयोध्यावासी की एक अभिलाषा थी कि अयोध्या का भी विकास होना चाहिए। आज वह सपना साकार हो रहा है। वास्तव में अयोध्या इसकी हकदार थी लेकिन किन्हीं कारणों से अयोध्या की उपेक्षा हुई। आज से 10 वर्ष पहले कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या में भी कोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। पांच सदी पूर्व जो एक कलंक अयोध्या पर लगाने का प्रयास हुआ था, उससे मुक्त होकर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हो गए, इस सपने को साकार होते हुए देखकर के आज पूरी दुनिया प्रफुल्लित है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी का कार्यक्रम केवल एक कार्यक्रम मात्र नहीं है। प्रभु तो सर्वव्यापी हैं लेकिन यह वास्तव में भारत के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा हुई है। जब से श्रीरामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ है, भारत के हर नागरिक के चेहरे पर जो तेज है, जो उत्साह है, जो उमंग है, वह एक नए भारत की तस्वीर को प्रस्तुत करती है। यही ऊर्जा 2047 तक भारत को दुनिया के एक विकसित देश के रूप में स्थापित करने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा करेगी।

# अनुसूचित जाति की कक्षा 12 की छात्रा से बस में दुष्कर्म, चालक-परिचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जनपद के मीरापुर में एक गांव निवासी किशोरी के साथ युवक ने 11 माह पहले कॉलेज जाने के दौरान बस व बाद में घर में घुस कर दुष्कर्म किया। वीडियो वायरल करने की धमकी दी। छात्रा के पिता ने आरोपी युवक बस के चालक तथा परिचालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रामराज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अनुसूचित जाति की किशोरी मेरठ स्थित एक गर्ल्स कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा है। वह प्रतिदिन गांव से स्कूल बस में सवार होकर कॉलेज जाती थी। गांव का ही एक युवक बस में गांव से कॉलेज जाता था। आरोप है कि फरवरी 2023 में कॉलेज जाते समय गांव से रामराज आने के दौरान कुछ दूरी पर बस पहुंची तो चालक ने बस को रास्ते में रोक दिया। छात्रा के पूछने पर बस चालक व परिचालक ने बताया कि बस खराब हो गई है और दोनों बस से नीचे उतर गए। इसके बाद युवक ने छात्रा को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में चालक व परिचालक बस को स्टार्ट कर कॉलेज के लिए चल दिए। आरोपी युवक रास्ते में ही उतर गया। इसके बाद जुलाई 2023 में भी युवक ने घर में घुस कर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बना ली। छात्रा ने विरोध जताया तो युवक ने उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आरोपी ने छात्रा पर मिलने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। परेशान होकर छात्रा ने परिजनों से शिकायत की तो पिता ने गांव निवासी युवक पर दुष्कर्म का आरोप और बस चालक व परिचालक पर युवक का सहयोग करने का आरोप लगाकर तहरीर थाने में दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। रामराज थाना प्रभारी सीता सिंह का कहना है कि छात्रा के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छात्रा को मेडिकल के लिए भेजा गया है। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## संपादकीय

# पंजाब की प्रेरक पहल

भारत दुनिया में सड़क हादसों की दृष्टि से बहुत बुरी स्थिति में माना जाता है। हर साल होने वाले साढ़े चार लाख से अधिक सड़क हादसों में प्रति वर्ष डेढ़ लाख से अधिक लोग मारे जाते हैं। वहीं घायलों का आंकड़ा भी साढ़े चार लाख से अधिक है। उसमें उन लोगों की संख्या भी अच्छी-खासी है जो जीवनपर्यंत अपंगता का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्य से हादसों में मरने व घायल होने वाले लोगों में कामगार व युवा आबादी की संख्या ज्यादा होती है। ऐसे में परिवार के कमाने वाले सदस्य के जाने के बाद पूरा परिवार गरीबी के दलदल में चला जाता है। इस भयावह संकट के मद्देनजर एक कारगर व रचनात्मक पहल पंजाब सरकार की ओर से हुई है। पंजाब सरकार ने हर साल सड़क हादसों में मरने वाले लगभग चार हजार लोगों की जान बचाने के लिये कदम उठाया है। पंजाब की पांच हजार पांच सौ किमी सड़कों पर हादसों को टालने के लिये 144 अत्याधुनिक वाहन तैनात करने का फैसला किया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने राज्य के बारह जिलों के लिये निगरानी करने वाले 129 हाईटैक वाहनों को हरी झंडी दिखायी। दरअसल, इन वाहनों से उन लोगों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा, जो नियम-कानून तोड़कर हादसों को अंजाम देते हैं। दरअसल, दुर्घटनाओं के मूल में अनियंत्रित गति और नशे में तेज वाहन चलाना ही होता है। इन तैनात वाहनों में स्पीड गन, अल्कोमीटर, मेडिकल किट,ई-चालान मशीन व एआई आधारित स्मार्ट प्रणाली लगी होगी। जो अनियंत्रित यातायात को नियंत्रित करने में सहायक होंगे। दरअसल, एक फरवरी से तैनात होने वाली सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम हर जिले की रोड से जुड़ने वाले राजमार्गों पर इंटरसेप्ट करेगी। दरअसल, हर तीस किलोमीटर पर तैनात इन वाहनों में एक प्रशिक्षित टीम तैनात रहेगी। सबसे अच्छी बात यह है कि किसी भी दुर्घटना होने पर ये अत्याधुनिक वाहन घटना स्थल पर पहुंचेंगे और घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार देने के बाद अस्पताल में भर्ती करवाएंगे। निश्चित रूप से सड़क हादसों को रोकने की दिशा में पंजाब की आप सरकार की यह सार्थक पहल है। इस कार्य को संवेदनशील ढंग से संचालित किये जाने के लिये पूर्व ओलंपियन गगन अजीत सिंह को सड़क सुरक्षा फोर्स का एसएसपी नियुक्त किया गया है। निस्संदेह, इस तरह की पहल करने वाला पंजाब देश का अग्रणी राज्य है। यह अच्छी बात है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि कीमती जानें बचाने का यह मेरा सपना साकार हो रहा है। उल्लेखनीय है कि सांसद के रूप में भी मान संसद में सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा अकसर उठाते रहे हैं। इसी सोच के चलते इस अभिनव योजना को अंजाम दिया जा सका। निस्संदेह, हम अकसर सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों को गिनती के रूप में देखते हैं। जिस परिवार का सदस्य बेमौत मारा जाता है उसके दर्द को महसूस नहीं करते। यह विडंबना है कि अकसर लोग दूसरों की लापरवाही से मारे जाते हैं, जिसमें उनका कोई कसूर नहीं होता है। वे न चाहते हुए भी परिवार को जीवन भर का दुख दे जाते हैं। बहरहाल, राज्य शासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सड़क सुरक्षा फोर्स मुस्तैदी से काम करे और उस लीक को तोड़े जिसके लिये अब तक पुलिस की आलोचना सुस्ती के लिये की जाती है। तभी राज्य में हर रोज सड़क दुर्घटना में मरने वाले चौदह लोगों का अनमोल जीवन बचाया जा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि नये भर्ती किये गए करीब तेरह सौ पुलिसकर्मी अपने कैरियर की शुरूआत जिंदगियां बचाकर शानदार ढंग से करेंगे। दरअसल, मौजूदा 432 पुलिसकर्मियों के साथ आठ घंटे की ड्यूटी में ये सुरक्षाकर्मी 24 घंटे अत्याधुनिक वाहनों में तैनात रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सड़क सुरक्षा फोर्स के लिये नये भर्ती जवानों को पुलिस प्रशिक्षण अकादमी कपूरथला में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उत्साहवर्धक बात यह है कि वाहन चालकों में 90 महिला पुलिसकर्मी हैं। हालांकि, पंजाब सरकार ने एक लंबी तैयारी के बाद इस सड़क सुरक्षा योजना को अंजाम दिया है, लेकिन शासन की ओर से सभी पहलुओं पर नजर रखकर इसे अधिक उपयोगी बनाने का प्रयास करना चाहिए।

# आखिरकार जमीन घोटाला मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरफ्तार

आखिरकार जमीन घोटाला मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया। वे करीब छह महीने से पूछताछ से बचते फिर रहे थे। पूछताछ के लिए सात बार बुलाने के बाद भी वे ईडी के दफ्तर नहीं गए। ईडी ने खुद उनके दफ्तर जाकर पूछताछ की। अभी तक वे यही कह कर बचने का प्रयास कर रहे थे कि आरोपपत्र में उनका नाम नहीं है। मगर वे ईडी के सामने खुद को बेदाग साबित नहीं कर पाए। उनकी गिरफ्तारी से पहले जिस तरह उनके कार्यकताओं ने शक्ति प्रदर्शन करने की कोशिश की, उससे फिर यही जाहिर हुआ कि राजनेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप अब दलगत रस्साकशी का विषय बनते गए हैं। जैसे ही एजंसियां किसी नेता के खिलाफ जांच शुरू करती हैं, उसे केंद्र सरकार की साजिश करार देकर एक तरह से संबंधित व्यक्ति को पाक-साफ करार देने की कोशिशें शुरू हो जाती हैं। सोरेन पर सेना के स्वामित्व वाली करीब साढ़े चार एकड़ जमीन की खरीद में घोटाले और धनशोधन का आरोप है। मंगलवार को दिल्ली में उनके आवास पर हुई छापेमारी में छत्तीस लाख रुपए नगद और एक महंगी बेनामी गाड़ी भी बरामद की गई थी। इस कार्रवाई के बाद सोरेन ने अपने विधायकों की बैठक बुला कर सरकार बचाने की रणनीति बनाने में जुट गए। रांची में ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ करते रहे और उनके कार्यकर्ता उनके घर के बाहर प्रदर्शन करते रहे। यह कोई पहला मामला नहीं है, जब किसी नेता से पूछताछ के समय इस तरह शक्ति प्रदर्शन और राजनीतिक नाटक किया गया। इस तरह अब आम लोगों में भी भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर सियासी रंग भर दिया गया है। इससे भ्रष्टाचार पर लगाम कसने और भ्रष्टाचारियों के प्रति समाज में नकार भाव पैदा करने में मुश्किलें पेश आती हैं। इस मामले में जांच के बाद चौदह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका था, जिनमें एक भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी और एक राजस्व उपायुक्त भी शामिल हैं। किसी बेबुनियाद आरोप पर इतने लोगों की गिरफ्तारी तो नहीं हो सकती। अगर वे सचमुच बेदाग हैं, तो उनसे अपने पक्ष में सफाई पेश करने की उम्मीद की जाती थी। यह ठीक है कि कुछ मामलों में जांच एजंसियों के कामकाज के तरीके पर भी सवाल उठते रहे हैं, मगर इस आधार पर किसी को भ्रष्टाचार के आरोपों से बचाव का रास्ता नहीं मिल जाता।

# कानूनों का सरलीकरण करके ही भारत को सशक्त बनाया जा सकता है

**ललित गर्ग**

सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयन्ती एक अवसर है भारतीय न्याय प्रणाली की कमियों पर मंथन करते हुए उसे अधिक चुस्त, त्वरित एवं सहज सुलभ बनाना। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। इस दृष्टि से यह अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी, और नया परिवेश देने वाला साबित हो रहा है। क्योंकि आजादी के अमृतकाल में पहुंचने तक भारत की न्याय प्रणाली अनेक कंटिली झाड़ियों में उलझी रही है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था का छिद्रान्वेषण करें तो हम पाते हैं कि न्यायाधीशों की कमी, न्याय व्यवस्था की खामियाँ और लचर बुनियादी ढाँचा जैसे कई कारणों से न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है तो वहीं दूसरी ओर न्यायाधीशों व न्यायिक कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। न्याय में देरी अन्याय कहलाती है लेकिन देश की न्यायिक व्यवस्था को यह विडंबना तेजी से घेरती जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट की 75वं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये उठाये कदमों की चर्चा की। उन्होंने अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जैसा कि खुद प्रधानमंत्री ने जिक्र किया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की जरूरत भी महसूस की जा रही है, लेकिन फिर भी इस कदम की अहमियत को कम करके नहीं आंका जा सकता। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता शामिल थे। अनेक कानूनविद् यहां उपस्थित थे।



सुप्रीम कोर्ट की पहली बैठक 28 जनवरी, 1950 को हुई थी, देश की न्याय प्रणाली सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित होती है। इसी बात का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारा काम है कि न्याय की पहुंच इस देश के हर कौने एवं हर नागरिक तक पहुंचे। इसी सोच के साथ ई-कोर्ट के तीसरे चरण को मंजूरी दी गई। पिछले साल केंद्रीय बजट में, सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण के लिए 7,000 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की थी- जो कि 1,670 करोड़ रुपये के पिछले आवंटन से चार गुना अधिक है। मोदी सरकार भारत की न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिये हरसंभव सहयोग दे रही है। निश्चित ही जहां सरकार वर्तमान संदर्भ के अनुरूप कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है वहीं साधन-सुविधाओं को सुलभ कराने में तत्पर है। नये कानून एवं नयी आधुनिक अदालते कल के भारत को और मजबूत करेगी। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने में इनकी सर्वाधिक सार्थक भूमिका होगी। सरकार अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी या स्थानीय भाषाओं में न्याय-प्रक्रिया को संचालित करने के लिये भी प्रतिबद्ध है। न्याय की सुलभता की ओर इशारा करते हुए मोदी ने पहले कही गई उस बात को दोहराया कि आदेश सरल भाषा में देने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद शुरू हो गया है और उम्मीद जताई कि देश की अन्य अदालतें भी इसका अनुसरण करेंगी। टेक्नोलॉजी के बढ़ते महत्व पर उन्होंने कहा, न्याय की सुगमता में टेक्नोलॉजी किस प्रकार सहायक हो सकती है, यह आज इस कार्यक्रम से ही पता चल रहा है। मेरा संबोधन अभी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से अनुवादित किया जा रहा है और लोगों द्वारा सुना जा रहा है। शुरूआत में कुछ रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन हम केवल कल्पना ही कर सकते हैं कि तकनीक कितने बड़े काम कर सकती है। इसी तरह, हमारी अदालतें हमारे नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकती हैं।

सुप्रीम कोर्ट से अन्य हितधारकों की क्षमता निर्माण की दिशा में काम करना जरूरी है। सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण का काम शुरू कर दिया है। निश्चित तौर पर एक मजबूत न्यायपालिका विकसित भारत की नींव के रूप में काम करेगी। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि जन विश्वास विधेयक न्यायपालिका पर अनावश्यक बोझ को कम करने के लिए उठाया गया कदम है। एक सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का एक हिस्सा है। सरकार एक भरोसेमंद न्याय व्यवस्था बनाने के लिए लगातार काम कर रही है और कई फैसले ले रही है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक कदम है। सुप्रीम कोर्ट की अगुआई में पिछले कुछ समय से न्यायपालिका में डिजिटाइजेशन पर खासा जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में ईकोर्ट्स मिशन के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिल गई है, जिसमें कोर्ट के रिकॉर्ड्स के डिजिटाइजेशन समेत कई और क्षेत्रों में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाने का इरादा है। ह्यईज ऑफ जस्टिसह्ल से जुड़े कुछ अन्य बेहद अहम पहलू हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। सबसे बड़ा मसला है अदालतों में लंबित पड़े मुकदमों का। 2023 में पेंडिंग केसों की संख्या 5 करोड़ को पार कर गई। इनमें 1,69,000 मुकदमे ऐसे हैं, जो 30 साल से भी ज्यादा समय से हाईकोर्टों और जिला कोर्टों में लंबित हैं। वर्तमान में 10 लाख लोगों पर सिर्फ 18 न्यायाधीश ही है। ऐसे में किसी भी न्यायपालिका से समय पर न्याय देने की उम्मीद करना उचित नहीं हो सकता है। विधि आयोग की सिफारिश के अनुसार इन पदों की संख्या में वृद्धि किया जाना चाहिये। सुप्रीम कोर्ट में जजों के खाली पद भरने का काम हुआ है, लेकिन हाईकोर्टों में अभी भी काफी पद खाली पड़े हैं। डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक देश के सभी 25 हाईकोर्टों में जजों के कुल 1,114 पद मंजूर हैं, लेकिन इन कोर्टों की मौजूदा न्यायाधीशों की संख्या 784 है यानी हाईकोर्टों में जजों के 330 पद खाली हैं। न्याय प्रणाली में आमूल-चूल-परिवर्तन, परिवर्तन जरूरी है और उसे अधिक प्रभावी बनाने की अपेक्षा है। इसके लिये यह भी जरूरी है कि विशेष श्रेणी के मामलों के समाधान के लिये समय-सीमा तय की जानी चाहिये तथा लोक अदालतों और ग्राम न्यायालयों की स्थापना की जानी चाहिये। इससे न केवल विचाराधीन मामलों की संख्या में आनुपातिक कमी आएगी बल्कि न्यायपालिका के मूल्यवान समय की बचत होगी।

# सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए टिकट तो बाँट दिये मगर अपने उम्मीदवारों को जिताएंगे कैसे?

**अजय कुमार**

आम चुनाव के नतीजे कुछ भी हों, लेकिन समाजवादी पार्टी ने करीब दो महीने बाद होने जा रहे लोकसभा चुनावों में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने के मामले में सभी दलों को पछाड़ दिया है। ऐसा करके सपा ने भाजपा पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने की कोशिश की है, लेकिन उसका यह दांव कितना ठीक बैठेगा अभी कहा नहीं जा सकता है। हो सकता है कि सपा ने अपने पत्ते खोलकर भाजपा को अपनी मजबूत रणनीति बनाने का मौका दे दिया हो। वहीं इसमें कांग्रेस के लिए भी एक संदेश छिपा है कि वह जल्द से जल्द कोई निर्णय ले ले, नहीं तो सपा को अकेले चुनाव मैदान में कूदने में संकोच नहीं होगा। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशियों की पहली लिस्ट में अखिलेश यादव ने जिन 16 उम्मीदवारों के नाम घोषित किये हैं उसमें यादव कुनबे के तीन उम्मीदवार क्रमशः पत्नी डिंपल यादव, चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम सामने आया है, जिनके टिकट तय कर दिये गये हैं। सपा ने जिताऊ प्रत्याशी उतारने के चक्कर में बसपा और कांग्रेस से आए कुछ नेताओं को भी टिकट थमा दिया है। अखिलेश के इस कदम को एक तरफ इंडिया गठबंधन की आपसी राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है तो वहीं इस ऐलान को कहीं न कहीं भाजपा के दांव से उस पर ही मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने की कोशिश से भी बताया जा रहा है।

समाजवादी पार्टी की लिस्ट पर नजर डालें तो इसमें कुछ ऐसे नेताओं को भी टिकट दिया गया है, जो कुछ समय पहले कांग्रेस छोड़कर पार्टी में पहुंचे हैं। इनमें अन्नू टंडन का नाम सबसे प्रमुख है। अन्नू टंडन पुरानी कांग्रेसी हैं। उन्नाव से वह सांसद भी रह चुकी हैं। हालांकि इस सीट से फिलहाल भाजपा के साक्षी महाराज सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में अन्नू टंडन कांग्रेस से प्रत्याशी थीं और तीसरे स्थान पर रही थीं। समाजवादी पार्टी दूसरे नंबर पर रही थी। अब अन्नू टंडन को सपा से टिकट मिला है। इसी तरह अकबरपुर लोकसभा सीट से सपा ने राजाराम पाल को प्रत्याशी बनाया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजाराम कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे। वह तीसरे नंबर पर रहे थे। उस चुनाव में ये सीट सपा-बसपा गठबंधन के तहत बसपा के खाते में गई थी। बसपा दूसरे नंबर पर रही थी और जीत भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले की हुई थी। इसी प्रकार से समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को झटका देते हुए फर्रूखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। फर्रूखाबाद सीट से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद चुनाव लड़ते रहे हैं। 2019 में सलमान खुर्शीद तीसरे स्थान पर रहे थे। इस



सीट पर भी गठबंधन के तहत बसपा ने मनोज अग्रवाल को टिकट दिया था, जो दूसरे नंबर रहे थे। भाजपा के मुकेश राजपूत ने यहां से जीत दर्ज की थी। कांग्रेस लखनऊ लोकसभा सीट पर भी हर बार जोर लगाती रही है। पिछली बार प्रमोद कृष्णम को यहां से प्रत्याशी बनाया गया था, लेकिन काफी कोशिश के बाद भी कांग्रेस यहां तीसरे स्थान पर रही थी। पिछली बार सपा-बसपा गठबंधन के तहत इस सीट पर सपा ने फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को मैदान में उतारा था लेकिन वह भी दूसरे स्थान पर ही रही थीं। इस बार समाजवादी पार्टी ने आगे बढ़ते हुए पहले ही रविदास मेहरोत्रा को प्रत्याशी ऐलान कर दिया है। अब देखना ये होगा कि क्या कांग्रेस इन्हें समर्थन देती है फिर कोई और फैसला लेगी। सपा ने कुछ पुराने सांसदों को भी टिकट दिया है, इसमें सबसे चर्चित नाम संभल के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का है, जो इस समय सबसे उम्र दराज सांसद हैं। बर्क की छवि एक कट्टर मुस्लिम नेता वाली रही है। वह अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण से लेकर इसको लेकर दिये गये सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी सवाल खड़ा करने में सबसे आगे रहे थे। मोदी के कट्टर विरोधी बर्क पर एक बार फिर अखिलेश ने भरोसा जताया है। डॉ शफीकुर्रहमान बर्क पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़े मुस्लिम नेता के रूप में जाने जाते हैं। वे पांच बार के सांसद और चार बार विधायक रहे हैं। बर्क 2019 में सपा के टिकट पर संभल लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर सदन पहुंचे थे। चार बार के विधायक डॉ. बर्क ने 1996 में सपा के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव जीता था। हालांकि, 2009 में वे मायावती की बसपा के टिकट पर जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। वह पहली बार 1974 में बीकेडी के टिकट पर संभल से विधायक बने थे। 1996 में सपा उम्मीदवार के तौर पर मुरादाबाद से लोकसभा सांसद बने डॉ. बर्क की पश्चिमी यूपी की राजनीति पर पकड़ के कारण ही अखिलेश उन्हें नजरअंदाज नहीं कर पा रहे हैं। डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क वर्ष 2014 में पहली मोदी लहर में जरूर चुनाव हार गये थे। उन्हें भारतीय जनता पार्टी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। यह पहला मौका था जब उन्हें संभल सीट से हार झेलनी पड़ी थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सत्यपाल सिंह ने सपा के कद्दावर नेता को 5174 वोटों से मात दी थी। इस चुनाव में सत्यपाल सिंह को 3,60,242 वोट मिले थे। वहीं, डॉ. बर्क 3,55,068 वोट हासिल कर पाए थे। इस चुनाव में बसपा तीसरे स्थान पर रही थी। वर्ष 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन का फायदा डॉ. बर्क को मिला। इस चुनाव में डॉ. बर्क 6,58,006 और भाजपा के परमेश्वर राव सैनी को 4,83,180 वोट मिले थे। डॉ. बर्क ने मोदी-योगी लहर के बाद भी 1,74,826 वोटों से जीत दर्ज कर अपनी सीट पर दोबारा कब्जा जमाया था।

बात भाजपा की बात करें तो वह प्रत्याशियों का ऐलान हमेशा से पहले करती रही है। हाल ही में हुए राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी ऐसा ही देखने को मिला था, जब भाजपा ने छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश चुनाव में पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा कर मनोवैज्ञानिक बढ़त ले ली थी। यूपी में वैसे तो बहुजन समाज पार्टी का सबसे पहले प्रत्याशियों के ऐलान का इतिहास रहा है। कई बार तो ये स्थिति देखी गई जब चुनाव के कई महीने पहले ही प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया गया और चुनाव आते-आते दो बार टिकट बदल भी दिया गया। लेकिन पिछले कुछ चुनावों से बसपा का प्रदर्शन काफी कमजोर रहा है।

# चुनावों से पहले ही खरगे के बयानों से कांग्रेस की हताशा झलकने लगी है

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीती 29 जनवरी को भुवनेश्वर में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, 2024 लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका होगा। अगर इस चुनाव में भाजपा जीती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे। वे एक तानाशाह की तरह इस पर रोक लगाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष के बयान से देश की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी की हताशा, निराशा और पराजय स्पष्ट झलकती है।

कांग्रेस अध्यक्ष जब यह कहते हैं कि मोदी दोबारा सत्ता में आए तो कोई चुनाव नहीं होगा। आपके पास मतदान का आखिरी मौका है। ऐसा बयान देते समय शायद खड़गे अपनी ही पार्टी का चरित्र, आचरण, कृत्य और इतिहास भूल जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है। कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। कांग्रेस ने न सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं बल्कि सच के साथ खड़े पत्रकारों का भी दमन किया। विरोध की आवाज को दबाने के लिए पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया। बड़े मीडिया संस्थानों तक के संपादकों को गिरफ्तार किया जा रहा था, उन पर पाबंदियां लगाई जा रही थीं। अलोकतांत्रिक रूप से बाबा साहब के संविधान में संशोधन किया गया। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं को भी कमजोर किया।

खड़गे को याद करना चाहिए कि, मीसा कानून कौन लेकर आया था? मीसा में आपातकाल के दौरान कई संशोधन किए गए और इंदिरा गांधी की निरंकुश सरकार ने इसके जरिए अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने का काम किया। इंदिरा सरकार की अमानवीयता का आलम यह था कि दिल्ली और पश्चिमी यूपी के इलाकों में नसबंदी से इंकार करने वाले लोगों पर अत्याचार किया गया। पुलिस की गोलीबारी में कई लोग मारे गए। महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की बातें करने वाली कांग्रेस को उनके विचारों से भी डर लगने लगा था। उस समय इंदिरा गांधी ने किशोर कुमार के गानों को बैन कर दिया था। आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस के काले कारनामों के बारे में जानकर हर कोई सन्न रह जाता है। केंद्र में विपक्ष में बैठी कांग्रेस लोकतंत्र की दुहाई देती है। लेकिन उसके शासित राज्यों में जिस तरह विपक्ष और मीडिया का दमन किया जाता है, उससे कहा जाता है कि समय बदल गया है, लेकिन कांग्रेस की आपातकालीन मानसिकता नहीं बदली है, वो आज भी जारी है।

लोकतंत्र की दुहाई देने वाले कांग्रेस के नेता शायद भूल गए कि राजीव गांधी के जमाने में एक अखबार ने कुछ खिलाफ लिखा, तो उनके विरूद्ध ही मामला दर्ज कर दिया गया और संस्थान की बिजली तक काट दी गई थी। टेलीग्राफ एक्ट कौन लेकर आया था...? राजीव गांधी के जमाने में ही टेलीग्राफ एक्ट आया था, जिसके तहत सरकार आम लोगों के पत्र पढ़ सकती थी और कार्रवाई कर सकती थी। पीवी नरसिंहाराव ने पैसे देकर सरकार बनाई, कोर्ट में साबित हो गया था। लोकसभा का कार्यकाल इंदिरा गांधी ने बढ़ाया था। जब कांग्रेस नेता इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इस इंडिया का नारा लगाते थे तो क्या उन्हें इस नारे में तानाशाही की बू नहीं आती थी? अनुच्छेद 356 का कांग्रेस ने किस तरीके से उपयोग किया है, ये काफी दिलचस्प है। कांग्रेस ने अपने शासन काल के दौरान अनुच्छेद 356 का प्रयोग करते हुए 91 बार गैर कांग्रेसी सरकारों को हटाने का काम किया। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने एक बार भी अनुच्छेद 356 का प्रयोग नहीं किया। अटल जी के नेतृत्व में राजग सरकार के 6 साल के कार्यकाल में राष्ट्रपति शासन 4 बार लगने की नौबत आई थी।

बीते पांच छह सालों में कांग्रेस शासित राज्यों में तानाशाही की वारदातें और करतूतें देशवासियों को याद हैं। राहुल गांधी की आलोचना करने पर कॉलेज के प्रोफेसर को बर्खास्त किया गया। राजीव गांधी के बारे में लिखने पर युवा बीजेपी नेता तेजिंदर सिंह बग्गा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। राहुल गांधी ने न्यायपालिका और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। सोनिया गांधी का बचपन का नाम लेने पर पत्रकार अर्णब गोस्वामी को गिरफ्तार कर उत्पीड़न किया गया। राहुल गांधी ने वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया। सोनिया और राहुल गांधी पर विज्ञापन देने वाली कांपनी के दफ्तर में कांग्रेस कार्यकताओं ने तोड़फोड़ की। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस अपने इन कर्मों को किस श्रेणी में रखेगी? इंडिया गठबंधन जिसमें कांग्रेस प्रमुख घटक दल है, ने 2023 में एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए उन 14 टीवी एंकरों की एक सूची जारी की है, जिनके प्रोग्राम में उनका प्रतिनिधि नहीं जाएगा। ये जगजाहिर है कि टीवी एंकरों का बहिष्कार करने के पीछे पूरी रणनीति कांग्रेस की थी।

## आया नववर्ष लेकर नई सुगंध स्वर्णिम नूतन बिहान



आंखों में उम्मीदों की चमक, हर सीने में सुमधुर गान,
आया नववर्ष लेकर नई सुगंध स्वर्णिम नूतन बिहान।
मिट जाए मन, मस्तिष्क से अविद्या ,आलस्य ,अज्ञान,
बंदित, अभिनंदित, पूजित हो सर्वत्र तर्क,दर्शन, ज्ञान।।
धूल धूसरित हो जाए धरा से, क्रोध , कलुष, अभिमान ,
निर्मलता हो जन जीवन में, अकिंचन का रहे सम्मान।।
अपने अतीत का रहे बोध,मयार्दा, मूल्यों,का रहे ध्यान ,
आदर्शो की सरिता से अभिसिंचित हो सारा जहान।।
सबके जीवन चरित्र में महके स्वावलंबन स्वाभिमान ।
रचना , सृजन नव चेतना से बने अपना भारत महान।।
बुलबुल चहकें ,कोयल कूके झुरमुट आँगन सिवान ,
खिलखिलाता बचपन,खुशियो से झूमे नर-नारी जवान ।
सदियों तक सजा रहे भारत मां का सतरंगी परिधान,
निर्भीक, निडर कर्तव्यनिष्ठ बने भारत का हर संतान,
दुर्गम पथ पर चलने वाले राही का हो अमिट निशान ,
अब सबका मजहब बने अमन, शांति, सच्चाई, ईमान ,
आया नववर्ष लेकर नई सुगंध स्वर्णिम नूतन बिहान।।


**मनोज कुमार सिंह**
**लेखक/साहित्यकार/उप-सम्पादक कर्मश्री मासिक पत्रिका**

# दुस्साहसिक वारदात-शाहगंज में घर मे घुसकर चाकू की नोक पर महिला को बंधक बनाकर लाखों की लूट



प्रखर शाहगंज जौनपुर। बुधवार को देर शाम लगभग साढ़े सात बजे नगर के पुराना चौक मोहल्ले में नगर पालिका के चेयरमैन के घर के बगल में स्वर्ण व्यवसाय महेंद्र सेठ पुत्र वेद प्रकाश सेठ के घर चार अज्ञात लोग मोटरसाइकिल से आए।घर के गेट पर उनके लड़के आदर्श का नाम पुकारा घर में अकेली महेंद्र सेठ की पत्नी अंशूबाला थी।वह आवाज सुनकर गेट पर आई।बाइक से आये अनजान बदमाशो ने आगे बढ़कर त्रयोदशी का कार्ड आगे बढ़ कर महिला को थमाया। कार्ड देने के उपरांत उन चारों ने पानी पीने की इच्छा जाहिर की महिला जैसे ही घर के अंदर गई ।पीछे से वह लोग भी घर में घुसे और उक्त महिला को चाकू की नोक पर मुंह में कपड़ा ठूस दिया।और हाथ बांधकर बंधक बना दिया। उसके बाद शरीर पर पहने जेवर और अलमारी में रखे जेवर लूट कर भाग निकले। किसी तरह महिला ने अपने घर के पुरुषों जो दुकान पर थे उन्हें सूचित किया। सूचना मिलते ही हड़कम्प मच गया। दिनदहाड़े लूट की इस घटना से घटनास्थल पर लोगो की काफी भीड़ इकट्ठा हो गयी। पीड़ित ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और अगल बगल के सीसीटीवी कैमरे को खंगालने के साथ बदमाशो की धरपकड़ में लग गयी। बताते हैं लूट के दौरान बदमाशों का मफलर वही छूट गया था जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है लूटे गए जेवर की कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपये रही होगी। बताते चलें नगर का पुराना चौक मुहल्ला सुरक्षा की दृष्टि से काफी ठीक है इस दुस्साहसिक वारदात से नवागत प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय को बदमाशो ने खुली चुनौती दे दी है। फिलहाल पुलिस इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए छानबीन में जुटी है। वहीं गुरुवार की सुबह महेंद्र सेठ की पत्नी अंशुबाला की तहरीर पर पुलिस मामले में तेजी ला दी है। इस सम्बंध में सीओ सदर देवेश कुमार ने बताया की मामला संज्ञान में है पुलिस टीम लगा दी गयी है।जल्द ही बदमाशों को पकड़ कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# जनपद जौनपुर में दिनेश चौधरी लगातार अव्वल स्थान पर




प्रखर जौनपुर। केराकत के पूर्व भाजपा विधायक दिनेश चौधरी एक माह से अधिक दिनों से नरेंद्र मोदी ऐप पर विकसित भारत एंबेसडर अभियान के तहत भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा समस्त कार्यकताओं, पदाधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों को दिए गए 100 दिन के चैलेंज में लगातार 42 दिन से जनपद जौनपुर में अपने अव्वल स्थान पर कायम है। पिछले दिनों नरेंद्र मोदी ऐप पर विकसित भारत एंबेसडर अभियान हेतु जनपद,विधानसभा एवं मंडल स्तर पर कार्यशाला का भी आयोजन हुआ था। कल 31 जनवरी को जनवरी माह संपन्न होने के साथ नमो ऐप ने अपना जनवरी माह का रिपोर्ट कार्ड पेश किया जिसमें पूर्व विधायक दिनेश चौधरी अन्य जनप्रतिनिधियों के पहुंच से कोसो दूर दिखाई पड़ रहे है। दिनेश चौधरी अब तक 18,000 से अधिक लोगों को नरेंद्र मोदी एप जोड़ चुके हैं। यह ऐप भारतीय जनता पार्टी के जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सहायक होने के साथ-साथ वर्तमान सरकार और स्थानीय सांसद के रिपोर्ट कार्ड एवं उनके आंतरिक सर्वे का भी कार्य तेजी से संपन्न कर रहा है। इसी के तहत भाजपा लाभार्थियों का एक बहुत बड़ा समूह अभी खड़ा कर रही है,और उसका डाटा अपने पास संकलित करने में कामयाब भी हो रही है। इस बात को लेकर के लोकसभा मछली शहर शहर सहित जनपद जौनपुर में लोगों के अंदर चर्चा का माहौल व्याप्त है। इस संबंध में जब पूर्व विधायक दिनेश चौधरी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मैं संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पूरी मेहनत और समर्पण के साथ जुट जाता हूं,मेरे अनवरत प्रयास और आप सबके स्नेह का ही नतीजा है नमों ऐप का यह रिपोर्ट कार्ड।

## नवागत कोतवाली प्रभारी ने कोतवाली परिसर में बैठक का किया आयोजन

प्रखर ब्यूरो मुहम्मदाबाद/ यूसुफपुर/ गाजीपुर। स्थानीय कोतवाली परिसर में आज सुबह लगभग 10 बजे अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने तथा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कानून व्यवस्था बरकरार रखने के संदर्भ में नवागत कोतवाली प्रभारी आदेश कुमार त्यागी ने पदभार ग्रहण के पश्चात आज 1 फरवरी को एक बैठक बुलाई। इस बैठक में क्षेत्र के समिति, व्यापारी, नेता एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बरकरार रखना तथा पुलिस प्रशासन के सहयोग के संदर्भ में रहा। इस अवसर पर बैठक में कोतवाली प्रभारी ने सबसे पहले लोगों का परिचय प्राप्त किया। उपस्थित लोगों ने नवागत प्रभारी कोतवाली का स्वागत किया। कोतवाली प्रभारी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध वे हमेशा कठोर कदम उठाएंगे। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि गोकशी करने वाले, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले बख्से नहीं जाएंगे। अतिक्रमण एवं अपराध से संबंधित अन्य



बिंदुओं पर वे किसी भी हाल में अपराधियों को नहीं बख्शेंगे। उन्होंने बताया कि कानून के दायरे में रहकर कार्य करना होगा तथा अपराधी किसी भी हाल में छोड़े नहीं जा सकेंगे। कुल मिलाकर पदभार ग्रहण करने के पश्चात ही कोतवाली प्रभारी ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की बात कही। इस अवसर पर नागरिकों के अतिरिक्त कोतवाली के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़ कर चोरों ने उड़ाया पूजन और बेशकीमती श्रृंगार की सामग्री

प्रखर जखनिया गाजीपुर। शादियाबाद थाना क्षेत्र के कनुवान गांव के दक्षिण काली मां के मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर चोरों ने मां के श्रृंगार की नथिया, मांग टीका, पीतल का घंटा, व दान पेटिका चोरी कर ली ।पुजारी राकेश जी जब मंदिर पहुंचे तो चैनल का ताला तोड़कर फेंक गया था, अंदर मां के सिंगार की सामान व दान पेटिका नहीं थी । जिसकी जानकारी होते ही ग्रामीणों के भीड़ जमा हो गई । जिसकी सूचना शादियाबाद थाने पर दी गई। थाना अध्यक्ष कमलेश ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है जांच की जा रही है।

## शङ्कराचार्य ने नागकूप को सौंपा महर्षि पतञ्जलि जी का विग्रह

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। परमाराध्य परमधमार्धीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती "1008" ने ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज की इच्छानुसार महर्षि पतञ्जलि का विग्रह नागकूप में स्थापित करने हेतु आज कुन्दन पाण्डेय जी और राजीव पाण्डेय जी को समर्पित किया` उक्त जानकारी देते हुए पूज्यपाद शङ्कराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी सञ्जय पाण्डेय ने बताया कि ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज की इच्छा थी कि नागकुप में महर्षि पतञ्जलि जी का विग्रह स्थापित हो` ब्रह्मलीन शङ्कराचार्य जी महाराज जी इस इच्छा की पूर्ति हेतु पूज्यपाद ज्योतिष्पीठाधीश्वर शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज ने ओडिशा



से विशेष काले पत्थर का करीब पांच कुन्तल का महर्षि पतञ्जलि का अद्भुत विग्रह बनवाकर काशी मंगवाया था और आज शङ्कराचार्य घाट स्थित श्री विद्यामठ में इस विग्रह को नागकुप में स्थापित करने हेतु समर्पित कर दिया` इस असवर पर पूज्यपाद ज्योतिष्पीठाधीश्वर शङ्कराचार्य जी महाराज ने कहा कि हमें अपने पूज्यपाद ब्रह्मलीन गुरुदेव महाराज की इच्छा को पूर्ण कर अत्यन्त सन्तोष का अनुभव हो रहा है साथ ही पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज ने कहा सनातनधर्म में महर्षि पतञ्जलि जी का विशेष स्थान रहा है और उनके योगदान को कभी भुलाया नही जा सकेगा इस अवसर पर सर्वश्रीः- ब्रम्ह्चारी परमात्मानंद,मीडिया प्रभारी सजंय पाण्डेय,कुंदन पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, अविनाश जी, रामचन्द्र सिंह सुजाना बहन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को गति देने वाला है : भाजपा जिलाध्यक्ष



**जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह**



**भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह**

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आज अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट भारत के सतत विकास संकल्पना को पूरा करने वाला तथा विकसित भारत के लक्ष्य को गति देने वाला है। जिसमें महिलाओं तथा समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को समृद्धि प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह सर्वहितकारी, सर्व समावेशी, विकासोन्मुख तथा रोजगार परक बजट है। इस दौरान लोकसभा प्रभारी पुर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि बजट में महिलाओं को लखपति बनाने की योजना निश्चित रूप से महिलाओं के जीवन को दिशा तथा उनके सम्मान में समृद्धि देने वाली है। बजट में सरकार के संकल्पों को पूरा करने की व्यवस्था है। जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने कहा कि बजट में देश के आर्थिक समृद्धि के साथ ढांचागत निर्माण और संरक्षण में नये क्षेत्रों को जोड़ने का प्रयास है तथा गरीबों और किसानों के साथ ही महिलाओं के आर्थिक मजबूती मे सहायक होगा।

सरकार द्वारा प्रस्तुत इस बजट पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्पों को पूरा करने की पूरी व्यवस्था के साथ समाज के गरीब कमजोर तथा महिलाओं के आर्थिक आधार को मजबूत करने का प्रयास है तथा भारत में पर्यटन की सम्भावना को बढ़ावा देने वाला है। पूरी तरह से समृद्ध भारत के निर्माण में सहायक होगा।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

प्रखर शाहगंज जौनपुर। गुरुवार की दोपहर तेज रफ़्तार की भेंट चढ़ने से उसके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे तहसील क्षेत्र के 32 वर्षीय हरि मिश्रा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा निवासी पोरईखुर्द थाना खेतासराय शाहगंज से कुछ काम करके अपने घर जा रहा था की नगर के ही इराकियाना मुहल्ले में पहुंचा था विपरीत दिशा से आ रही डायल 112 से टकरा गया और टकराने के बाद उक्त युवक उसी समय ट्रक की चपेट में आगया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।मौके पर ही मौजूद डायल 112 ने तत्काल उपचार हेतू राजकीय पुरुष चिकित्सालय ले गए जहां डॉक्टरों घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। शव की शिनाख्त होने के बाद परिजनों को सूचना दिया गया।सूचना मिलने पर परिजनों का रो रो कर बुरा है।बताया जाता है मृतक युवक किसी पैथालॉजी में काम करता था।मृतक के पिता राजेन्द्र प्रसाद के पुत्र थे जिसमें से एक की पहले ही आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी।दूसरे पुत्र की आज मृत्यू हो जाने से परिजनों के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

## जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक के मौजूदगी में चलाया गया अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान



प्रखर संतकबीरनगर। जनपद मुख्यालय खलीलाबाद में पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाया अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान। आपको बताते वाले की हर दिन जाम के झाम से जूझ रहे खलीलाबाद शहर के मुख्य बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए जाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह के दिशा निर्देश पर सड़कों पर अतिक्रमण को लेकर चलाया गया सख्त सघन अभियान। सड़को पर अतिक्रमण कर यातायात को प्रभावित करने वाले दुकानदारों को दी सख्त हिदायत। दोबारा से सड़कों पर अतिक्रमण किया गया तो होगी सख्त करवाई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था और अतिक्रमण से हो रहे जाम को लेकर यह अभियान चलाया गया है लगातार अभियान को संचालित किया जाएगा। दुकानदारों द्वारा अवैध तरीके से सड़कों पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण के खिलाफ सख्त सघन अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, सदर क्षेत्राअधिकारी बृजेश सिंह,कोतवाली थाना प्रभारी ब्रजेन्द्र प्रसाद पटेल, यातायत प्रभारी प्रमाहंस के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद।

## पत्नी की विदाई कराने आए पति को ससुरालियों ने जमकर पीटा, बोलेरो वाहन को तोड़कर किया क्षतिग्रस्त, पति ने थाने में तहरीर देकर लगाई गुहार

जफराबाद। जफराबाद थाना क्षेत्र के बिहरोजपुर गांव में पत्नी की विदाई कराने आए पति को किसी बात से नाराज ससुरालियों ने जमकर मारपीट दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुच गयी। रामपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी कमलेश कुमार गुरुवार को दोपहर अपनी ससुराल जफराबाद थाना क्षेत्र के बिहरोजपुर गांव सरोजा देवी के घर आया हुआ था। जहां किसी बात से नाराज ससुरालयों ने उसे ससुराल पहुंचते ही गाली गलौज देने लगे विरोध करने पर जमकर लाठी डंडे से मारपीट दिया। तथा उसको वहां बोलेरो को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घायल कमलेश कुमार ने इस घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। कमलेश कुमार के कमर में व सर में चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद कमलेश अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जफराबाद थाने पर पहुंचकर लिखित तहरीर दिया और कार्यवाही के लिए गुहार लगाई।

## पंचायत भवन से हौसला बुलंद अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए का सामान चोरी हुए कर फरार

जौनपुर।केराकत स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात बलईपुर बैरगिया गांव स्थित पंचायत भवन का ताला तोड़कर हौसला बुलंद अज्ञात चोरों ने इनवर्टर, दो बैटरी, कैमरा, डीवीआर, कंप्यूटर जरूरी कागजात सहित लाखों का सामान चोर उठा ले गए। वही गुरुवार की सुबह जब पंचायत सहायक पंचायत भवन पहुंचा तो गेट का ताला टूटा देख अचंभित रह गया। उसमें रखा समान भी गायब मिला। और अलमारी में रखे कागजात तीतर-बितर मिला पड़ा। वही पंचायत सहायक ने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान जितेंद्र पाल और पंचायत सहायक के द्वारा चोरी की घटना के संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जाँच पड़ताल में जुटीं।

## ट्रेजरी आफिस के पास बाबू को एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार रुपए लेते रंगेहाथ पकड़ा

जौनपुर। एंटी करप्शन की टीम ने जौनपुर में फिर दबिश देते हुए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ट्रेजरी आफिस के क्लर्क को रंगेहाथ गिरफ्तार करते हुए मुकदमा दर्ज कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। ट्रेजरी का बाबू दयाराम गुप्ता जो सरकारी लोगो से घुसखोरी करने में जरा भी संकोच नहीं कर रहा था। सिचाई विभाग के अवकाश प्राप्त कर्मचारी के एलटीए का 30 हजार रुपए देने के लिए



पांच हजार रुपए का घूस मांग रहा था बगैर घूस के काम करने को तैयार नहीं था। पीड़ित व्यक्ति एंटी करप्शन की टीम से सम्पर्क किया और घूसखोर बाबू के कृत्य की जानकारी दिया।एंटी करप्शन टीम आज गुरुवार को बाद दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ट्रेजरी आफिस के पास पहुंच कर पीड़ित से बाबू को पांच हजार रुपए भेजवाया बाबू को पैसा पकड़ते ही तत्काल बाबू दयाराम गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया और थाना लाइन बाजार पर ले जाकर वधिक कार्यवाई करते हुए जेल भेजवा दिया है।

## चंदवक पुल के पास ट्रक पलटी



प्रखर जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोमती नदी पुल के पास वाराणसी आजमगढ़ एन एच 233 स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर सड़क के किनारे अंगूर से लदी ट्रक पलट गई। चंदवक पुल पर बड़ी भारी गाड़ियों के लिए। 10 फीट की ऊंचाई पर बैरियर लगा होने के कारण पुराने पुल की तरफ ट्रक मोड़ने से हुआ है यह हादसा। इस संबंध में ट्रक के खलासी ने बताया कि हम लोग नासिक से लेकर नेपाल राज्य के लिए जा रहे थे। कि हम लोग चंदवक पुल के पास पहुंचे की पुल के 10 फीट ऊपर लगा बैरियर लगा है। ट्रक को पुराने पुल की तरफ घूमने से हुआ। सूचना पर पहुंची चंदवक थाने की पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## पानी निकासी न होने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



सहजनवां,गोरखपुर। विकास खंड सहजनवां के गांव भीटी रावत में दूषित पानी की निकासी न होने से परेशान लोगों ने सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि निकासी के लिए बेहतर प्रबंध न होने के कारण परेशानी हो रही है। समाजसेवी सईद बाबू रहबर के नेतृत्व में लोग एकत्रित हुए। लोगो ने सरकार से गुहार लगाते हुए दूषित पानी की निकासी की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर समय रहते समाधान नहीं किया तो वह आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में विनोद शर्मा, उज्जवल रावत, सुरेश वर्मा,इन्दल,गीता, संदीप शर्मा, आर्यन यादव, सुमित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# संक्षिप्त खबरें

## पाली क्षेत्र के नेवास में जरूरतमंदो में हुआ कम्बल वितरण



प्रखर सहजनवां,गोरखपुर।पाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवास में सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला के सहयोग से पूराने भाजपा कार्यकर्ता पूजारी तिवारी के करकमलों से इस ठंड के मौसम में गरीब कम्बल वितरित किए। नेवास गांव में 70 लोगोको ठंड से बचने के लिए लम्बू लोहार, महेंद्र निषाद रतन निषाद, गुंजा निषाद,विदेशी गोली तिवारी, आल्हा तिवारी आदि लोगों को वितरित किया गया है।

## मगहर महोत्सव कार्यक्रम में जिला प्रशासन ने किया संशोधन, भोजपुरी फिल्म स्टार अक्षरा सिंह का 3 की बजाय 2 तारीख को होगा आगमन




संतकबीरनगर। 28 जनवरी से 3 फरवरी तक चलने वाले मगहर महोत्सव के कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा कुछ किया गया आंशिक संशोधन, संत कबीर नगर 30 जनवरी 2024 28 जनवरी से शुरू होकर 3 फरवरी तक चलने वाले सूफी संत महात्मा कबीर के परि निर्माण स्थली मुख्य मंच पर क्षेत्रीय और बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं उसी कड़ी में कुछ कार्यक्रमों में जिला प्रशासन द्वारा संशोधन किया गया है इस संबंध में मगहर महोत्सव मेला समिति के सचिव/उप जिलाधिकारी सदर खलीलाबाद शैलेश कुमार दूबे द्वारा जनपद के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बंधुओं कोअवगत कराया गया कि कबीर मगहर महोत्सव मैं चल रहे कार्यक्रम में सूक्ष्म संशोधन किया गया जिसमें दिनांक 03 फरवरी 2024 को भोजपुरी नाइट अक्षरा सिंह का शो अब दिनांक 02 फरवरी 2024 को शाम 6:00 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित होगा एवं 2 फरवरी 2024 को होने वाला शो स्वाति मिश्रा एव सिया के राम द्वारा अब 03 फरवरी 2024 को होगा।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित सम्पूणार्नंद तिवारी जी को कांग्रेस पार्टी द्वारा दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



प्रखर वाराणसी। अस्सी- लंका रोड स्थित राणाजी सभागार में सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति, राणाजी मूवमेंट्स,उत्तर प्रदेश पत्रकार परिषद द्वारा भदैनी निवासी महान रामायणी मानस राजहंस पं विजया नंद तिवारी के पौत्र वरिष्ठ कांग्रेसी एवं समाज सेवा में अपने जीवन को समर्पित कर देने वाले पं सम्पूर्णा नंद तिवारी जी को कांग्रेस जनों एवं समाज सेवा में समर्पित विभिन्न जनों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा दिए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से राणा शेरू सिंह, राजेश कुमार सिंह,श्रीमती आशा सिंह, काली शंकर उपाध्याय, विजय गुप्ता, राजेश मिश्रा,नीरज गुप्ता, विनोद कुमार, सुमीत जालान,करण सिंह, संध्या पांडये, सुरैया बानो, किशन शर्मा, प्रवेश तिवारी, दशरथ यादव नीरज पांडये 'ओढ़े' एवं शहर के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दबंग प्रधान पति ने विकलांग पर ढाया कहर पत्नी समेत लड़के को भी पिटा



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। गोरखपुर जनपद अंतर्गत सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सीहापार में प्रधान पति द्वारा विकलांग ग्रामीण को रास्ता बनवाने की गुहार लगाने पर मारने-पीटने का लगा आरोप विडियो वायरल। बता दे विकासखंड सहजनवां अंतर्गत ग्राम पंचायत सीहापार के टोला टंडवा खुर्द निवासी विकलांग व्यक्ति रामवृक्ष पुत्र स्व.गोविन्द ने सहजनवां थाने पर दिए तहरीर में बताया है कि 28 जनवरी दिन रविवार को प्रधान पति राहुल शुक्ला मेरे घर के पास मिट्टी पटाई का कार्य कर रहे थे। पीड़ित ने अपना रास्ता पटवाने का आग्रह किया। इसी बात को लेकर पूर्व से खुन्नस खाए प्रधान पति राहुल शुक्ला अपने भाई रजनीश शुक्ला व 10-12 अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर मेरे घर पर चढ़ आए तथा चुनाव में वोट ना देने की बात को लेकर गाली-गुप्ता देने लगे विरोध करने पर उक्त लोगों ने मेरी पत्नी ज्ञानमती व मेरे लड़के को भी मारने-पीटने लगे तथा राहुल शुक्ला कुल्हाड़ी उठाकर काटने के लिए दौड़ा लिए पीड़ित ने बताया। उपरोक्त लोग काफी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं यह लोग असलहा भी रखे हुए थे। जो जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। जिससे पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है। घटना से संबंधित वीडियो भी उपलब्ध कराते हुए पीड़ित ने इसकी शिकायत सहजनवां थाना व मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर भी किया है। उक्त संदर्भ- में बात करने पर थाना प्रभारी सहजनवां मदन मोहन मिश्रा ने बताया तहरीर मिली है जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## भुडकुडा पी जी कालेज के संस्थापक एवं पूर्व प्राचार्य डॉ इन्द्र देव सिंह की मनायी गयी जयंती

प्रखर जखनिया गाजीपुर। पी जी कालेज भुड़कुड़ा के प्रांगण में विद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व प्राचार्य स्व डॉ इन्द्र देव सिंह की जयन्ती मनायी गयी । प्राचार्य बृजेश जायसवाल ने सभागार मे दीप प्रजवलित कर डॉ इन्द्र देव सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर याद किया गया । समारोह के अन्तर्गत एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमे प्राचार्य डा बृजेश कुमार जायसवाल ने कहा की संस्थापक महाविद्यालय के लिए ही नहीं बल्कि क्षेत्र की तमाम समस्याओं चाहे सड़क हो या रेल ,पठन-पाठन के लिए महाविद्यालय में आधा दर्जन विषयों की मान्यता प्राप्त करने के लिए सतत प्रयास कर क्षेत्र के युवाओं के लिए शिक्षालय बनाकर बेहतर शिक्षा दिलाने का कार्य किया। जिन्होंने शैक्षिक एवं आध्यात्मिक शक्ति के उच्चतम स्वरूप थे ।उनके आदर्श विचारों के अनुसार महाविद्यालय के उच्चतम शिखर पर पहुंचाना है ।उनकी दिवंगत आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी । कार्यक्रम मे डा सन्तोष मिश्रा,डा प्रदीप राय,डा सन्तोष यादव,डा सुनिल पटेल, डा जागृति गुप्ता, डा सन्ध्या गुप्ता, डा धर्मेन्द्र यादव, डा विनय कुमार, डा जय प्रकाश सिंह, डा अश्विनी सिंह दीक्षित, डा अमित सिंह ,शेखावत अली, मोहन सिंह सहित महाविद्यालय परिवार के सभी वर्ग के लोग शामिल रहे।



# मलेशिया के नए राजा बने इब्राहिम इस्कंदर

**इनके पास 47 लाख करोड़ की संपत्ति**

**300 लग्जरी कारें**

**बेटा भारतीय सेना में कैप्टन रह चुका**

**कुआलालम्पुर।** मलेशिया में जोहोर राज्य के सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर देश के नए राजा बन गए हैं। बुधवार को सुल्तान इस्कंदर का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। उन्हें अगले 5 साल के लिए राजा चुना गया है। 1957 में ब्रिटेन से आजादी के बाद से मलेशिया में मलय राज्य के शासक बारी-बारी से 5 साल के कार्यकाल के लिए राजगद्दी संभालते आए हैं।

शपथ से पहले सुल्तान इस्कंदर ने प्राइवेट जेट से कुआलालंपुर के लिए उड़ान भरी थी, जबकि आमतौर पर वह लोगों से मिलने के लिए हर साल मोटरसाइकिल पर यात्राएं निकालते हैं। 65 साल के इस्कंदर जोहोर के शाही परिवार से आते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनके पास 47.33 लाख करोड़ की संपत्ति है। सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर के सबसे बड़े बेटे और मलेशिया के क्राउन प्रिंस टुंकू इस्माइल भारतीय सेना में कैप्टन भी रह चुके हैं। सुल्तान इब्राहिम की पत्नी का नाम जरीथ सोफिया है। वह शाही परिवार से आती हैं। ऑक्सफोर्ड से पढ़ीं सोफिया पेशे से लेखिका हैं और बच्चों के लिए कई किताबें भी लिख चुकी हैं। सुल्तान और सोफिया के पांच बेटे और एक बेटी हैं। सुल्तान के सबसे बड़े बेटे और मलेशिया के क्राउन प्रिंस टुंकू इस्माइल भारतीय सेना में कैप्टन रह चुके हैं। सिंगापुर की न्यूज एजेंसी द स्ट्रेट टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 2007 में टुंकू इस्माइल भारतीय सेना की एक यूनिट का नेतृत्व करने वाले पहले विदेशी बने थे।

## कई प्राइवेट जेट, प्राइवेट आर्मी

सुल्तान के पास 300 लग्जरी कारें हैं, जिनमें से एक उन्हें एडॉल्फ हिटलर ने तोहफे में दी थी। सुल्तान के पास गोल्ड-ब्लू रंग के बोइंग 737 समेत कई प्राइवेट जेट भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुल्तान इस्कंदर के परिवार के पास एक प्राइवेट आर्मी भी है। मलेशिया के अलावा सिंगापुर में भी सुल्तान की 4 अरब डॉलर की एक जमीन, एक टायर्सॉल पार्क और बोटैनिकल गार्डन के पास भी जमीन है। सुल्तान इब्राहिम के पास रियल एस्टेट और खनन से लेकर टेलिकम्युनिकेशन और पाम तेल तक कई बिजनेस में हिस्सेदारी है। उनका आधिकारिक निवास इस्ताना बुकिट सिरीन है, जो उनकी बेशुमार दौलत का सबूत है। सुल्तान इस्कंदर के पास बाइक्स का भी एक बड़ा कलेक्शन है।

## ताजपोशी से पहले डायटिंग की थी

ताजपोशी समारोह के लिए सुल्तान इस्कंदर ने खास डाइट का भी पालन किया था। न्यू स्ट्रेट टाइम्स के मुताबिक, सुल्तान ताजपोशी के वक्त ज्यादा फिट दिखना चाहते थे, इसलिए उन्होंने डाइटिंग की थी। इस दौरान वो बहुत सारे फल-सब्जी खाते थे और पानी की मात्रा को भी बैलेंस रखते थे।

## सुल्तान ने कहा- मैं सरकार की कठपुतली वाला राजा नहीं

दिसंबर 2023 में स्ट्रेट टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में सुल्तान ने कहा था- मैं सरकार की कठपुतली वाला राजा नहीं बनना चाहता। संसद में 222 सांसद हैं, लेकिन बाहर 3 करोड़ जनता है। मैं सांसदों के साथ नहीं बल्कि जनता के साथ हूं। मैं हमेशा सरकार का समर्थन करता रहूंगा, लेकिन अगर मुझे लगेगा कि कुछ गलत हो रहा है, तो उसका विरोध जरूर करूंगा। प्रमुख राजनीतिक नियुक्तियों के अलावा, मलेशिया के राजा मुस्लिम-बहुल देश में इस्लाम के आधिकारिक प्रमुख और इसके सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ भी होते हैं।

## ऐसे होता है मलेशिया में राजा का चुनाव

देश में हर 5 साल में राजा बदलता है। मलेशिया में 13 राज्य और 9 शाही परिवार हैं। इनके मुखिया 9 राज्यों के सुल्तान हैं, जो बारी-बारी से 5-5 साल के लिए राजा बनते हैं। मलेशिया में यूं तो राजा बनने का तरीका पहले से तय है। इसके बावजूद एक गुप्त मतदान होता है। इसमें बैलेट पेपर का इस्तेमाल होता है। हालांकि उस बैलेट पेपर पर उस सुल्तान का नाम होता है, जिसकी राजा बनने की बारी होती है। हर सुल्तान को ये बताना जरूरी होता है कि क्या नामांकित व्यक्ति राजा बनने के लिए सही है? राजा बनने के लिए उम्मीदवार को बहुमत मिलना जरूरी होता है। जब वोटिंग के नतीजे घोषित हो जाते हैं तो बैलेट पेपर्स को सुल्तानों के सामने नष्ट कर दिया जाता है।

# उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में 2024 का पहला हिमपात

**देहरादून।** उत्तराखंड में बुधवार को मौसम ने करवट ले ली। पहाड़ी इलाकों में अभी तक हिमपात न होने से हताश किसान और पर्यटकों को बुधवार को कुछ राहत मिली।

देहरादून के चकराता और उत्तरकाशी के गंगोत्री, यमुनोत्री और पिथौरागढ़, अल्मोड़ा जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में इस साल का पहला हिमपात हुआ। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, समुद्र तट से ढाई हजार फीट की ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में अधिकांश स्थानों पर बुधवार को हल्का हिमपात हो रही है। इन स्थानों में रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, देहरादून, पिथौराग और अल्मोड़ा जिले के ऊंचाई वाले इलाके शामिल हैं। मैदानी जिलों में अधिकांशतः ठंडी हवा चल रही हैं और बादल छाए हुए हैं। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी हुई है।



### कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हिमपात

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के ऊपरी इलाकों में अच्छी खासी हिमपात हुई जिससे संबंधित इलाकों में बर्फ की सफेद चादर जैसी बिछ गयी जबकि श्रीनगर सहित मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में और फिर सप्ताहांत में हिमपात होने का अनुमान जताया है।

## भ्रष्टाचार के मामले में इमरान खान को 14 साल की कैद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 10 साल की कैद की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई है। 2022 में प्रधानमंत्री का पद गंवा चुके श्री खान भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने के बाद पहले से ही तीन साल की जेल की सजा काट रहे हैं। इससे पूर्व मंगलवार को उन्हें सरकारी राज लीक करने के मामले में सज़ा सुनाई गई थी और बुधवार को भ्रष्टाचार के एक अन्य मामले में 14 साल की सजा सुनाई गयी। श्री इमरान ने कहा है कि उनके खिलाफ कई मामले राजनीति से प्रेरित हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक खान को यह सजा पाक में आठ फरवरी को होने वाले चुनावों से ठीक एक सप्ताह पहले सुनायी गयी है। इस वजह से वह खुद चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

# हनुमान ध्वज के बाद, टीपू के झंडे पर कर्नाटक में विवाद

**मैसुरु।** कर्नाटक के मांड्या जिले में हनुमान ध्वज को उतारने से शुरू हुआ विवाद अभी थमा भी नहीं था कि मैसुरु के अंबेडकर पार्क में टीपू सुल्तान का झंडा फहराने को लेकर नया विवाद सामने आ गया है।

मैसूर-कोडागु के सांसद एवं भाजपा के नेता प्रताप सिम्हा ने बुधवार को अंबेडकर पार्क में टीपू सुल्तान का झंडा फहराने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसकी अनुमति को लेकर सीएम सिद्धारमैया और गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर से सवाल पूछे। श्री सिम्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सिद्धारमैया, परमेश्वर, किसने मैसूरु के कैलाशपुरम में मोट्टेकेरी श्रीनिवास मंदिर रोड पर अंबेडकर पार्क में टीपू का झंडा फहराने की अनुमति दी है? कृपया सिद्धारमैया और परमेश्वर जवाब दें।

गौरतलब है कि ताजा विवाद स्थानीय प्रशासन द्वारा मांड्या जिले के केरागोडु गांव में एक ध्वजस्तंभ से हनुमान ध्वज को हटाने को लेकर चल रहे विवाद के बाद सामने आया है। इस बीच, भाजपा और जेडीएस कार्यकर्ताओं ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर हिंदू विरोधी होने और हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

## सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक मार्च तक बढ़ाई

**संसद सुरक्षा उल्लंघन**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत बुधवार को एक मार्च तक बढ़ा दी। यह मामला 13 दिसंबर, 2023 को संसद हमले की बरसी पर सुरक्षा उल्लंघन से संबंधित है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मनोरंजन, नीलम आजाद, सागर शर्मा, अमोल शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को पेश किए जाने के बाद, एएसजे हरदीप कौर ने उनकी न्यायिक हिरासत एक मार्च तक बढ़ा दी। आरोपी नीलम के वकील ने पहले अदालत के समक्ष कहा कि एक महिला पुलिस अधिकारी ने जबरन कोरे कागजों पर उसके हस्ताक्षर ले लिए।

## 12 महिलाओं के वीडियो बनाने पर टीचर गिरफ्तार

**नागपुर।** एक स्कूल टीचर को वॉशरूम की खिड़की से महिलाओं के वीडियो बनाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी टीचर 27 से 29 जनवरी के बीच नागपुर यूनिवर्सिटी में आयोजित किए गए इंडस्ट्रियल एक्सपो 'एडवांटेज विदर्भ' में शामिल हुआ था। यहां उसने महिलाओं के 12 से ज्यादा वीडियो बनाए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी व आईटी कानूनों की कई धाराओं में मामला दर्ज किया था, हालांकि लोकल कोर्ट ने उसे जमानत दे दी। आरोपी की पहचान मंगेश विनायकराव खापरे (37) के रूप में हुई है।

# आईआईएमसी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से भारतीय भारतीय जनसंचार संस्थान को 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का दर्जा प्रदान किया गया है। इस दर्जे के साथ ही अब आईआईएमसी डॉक्टरेट सहित डिग्री प्रदान करने के लिए अधिकृत है। जिसे लेकर संस्थन में भी खुशी का माहौल है। इस बात की जानकारी भारतीय भारतीय जनसंचार संस्थान ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर भी की है। एक्स पर अपनी पोस्ट पर भारतीय जनसंचार संस्थान ने शिक्षा मंत्रालय का आभार प्रकट करते हुए लिखा है आईआईएमसी नई दिल्ली और इसके पांच क्षेत्रीय केंद्रों को मानद विश्वविद्यालय घोषित करने के लिए मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन का बहुत-बहुत धन्यवाद। इसके अलावा पोस्ट में आईआईएमसी जनसंचार क्षेत्र में शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध है।




## संसद में राष्ट्रपति की शाही एंट्री, बग्घी से पहुंचीं



**नई दिल्ली।** संसद में बजट सत्र के पहले 31 जनवरी को राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू ने संसद में अभिभाषण दिया। इसके पहले राष्ट्रपति की संसद में शाही एंट्री देखने को मिली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बग्घी से संसद पहुंचीं, जिसके बाद वहां प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उनका स्वागत किया। स्वागत के बाद महामहीम संसद के अंदर गईं, जहां उनके आगे सेंगोल लेकर एक व्यक्ति चलता भी दिखाई दे रहा था।

## वडोदरा की फार्मा फैक्टरी में ब्लास्ट, 3 की मौत

**नई दिल्ली।** गुजरात के वडोदरा के एकलबारा गांव में फार्मा कंपनी की फैक्ट्री में गैस लीकेज के कारण बुधवार को ब्लास्ट हो गया। इसमें तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। जबकि एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि ओनीरो लाइफकेयर के प्लांट में गैस पाइप लीक हो रहा था। इस कारण दोपहर दो बजे बड़ा ब्लास्ट हो गया। उस वक्त में प्लांट में चार कर्मचारी मौजूद थे।

## म्यांमार ने आपातकाल की अवधि को छह महीने बढ़ाया

**नेपीडॉ।** म्यांमार की सैन्य सरकार ने आतंकवादी हमलों और मादक पदार्थों की तस्करी का हवाला देते हुए बुधवार को देश में आपातकाल स्थिति को छह महीने बढ़ाने की बात की। म्यांमार की राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने समीक्षा और चर्चा की और छह महीने के लिए आपातकाल की स्थिति को बढ़ाने के लिए अपना समर्थन प्रदान किया। उन्होंने इन निर्णय के कारणों में कुछ जातीय सशस्त्र संगठनों द्वारा आतंकवादी कृत्यों को जारी रखना, मादक पदार्थों की तस्करी और इंटरनेट घोटाला के साथ-साथ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष लोकतांत्रिक चुनाव और राष्ट्रीय जनगणना आयोजित करने के लिए स्थितियां बनाने की आवश्यकता है।

# अमेरिका में भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स के लिए 1 अप्रैल तक होगा वीजा रिन्यूवल




**एच1-बी वीजा रिन्यू करवाने अब भारत नहीं आना पड़ेगा**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एच1-बी वीजा पर एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू कर दिया है। इसके तहत एच1-बी अब अमेरिका में ही रिन्यू होगा। इससे हजारों भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स को फायदा मिलेगा। न्यूज एजेंसी के मुताबिक पायलट प्रोजेक्ट के तहत अमेरिका ने डोमेस्टिक वीजा का रिवैलिडेशन 29 जनवरी 2024 से शुरू कर दिया। यह 1 अप्रैल 2024 तक चलेगा। जून 2023 में अमेरिका की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि एच1-बी वीजा वाले लोगों को अब अपना वर्क वीजा रिन्यू करवाने के लिए कहीं और नहीं जाना पड़ेगा। ये अमेरिका में ही रिन्यू हो जाएंगे।

**2004 के बाद से अमेरिका ने माइग्रेंट वर्कर्स का वीजा रिन्यू करना बंद कर दिया था:** दरअसल, 2004 तक एच1-बी वीजा को अमेरिका में ही रिन्यू किया जाता था, लेकिन 2004 के बाद से अमेरिका में काम करने वाले माइग्रेंट वर्कर्स को इसे रिन्यू कराने के लिए अपने देश लौटना पड़ रहा है। अब इस नए पायलट प्रोजेक्ट के तहत एच1-बी वीजा अमेरिका में ही रिन्यू होंगे। यानी किसी भी माइग्रेंट वर्कर को इसे रिन्यू करवाने के लिए अपने देश नहीं जाना पड़ेगा।

**एच1-बी वीजा क्या होता है?** : एच1-बी नॉन-इमीग्रेंट वीजा होता हैं, जिसके तहत अमेरिकी कंपनियों को विशेष तकनीकी दक्षता वाले पदों पर विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति होती है। इस वीजा के जरिए टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनियां हर साल भारत और चीन जैसे देशों से हजारों कर्मचारियों की नियुक्ति करती हैं।

## तीन लोगों ने ली सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को राज्यसभा के तीन नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदस्यता की शपथ ली और सदन ने दो दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने मनोनीत सतनाम सिंह संधू, दिल्ली से निर्वाचित आम आदमी पार्टी के सदस्य नारायण दास गुप्ता और सुश्री स्वाति मालिवाल को सदस्यता की शपथ दिलायी। इसके बाद सभापति ने दो पूर्व सदस्यों हरिशंकर भाभड़ा और श्रीमती सुश्री देवी के हाल के दिनों में निधन होने की जानकारी सदन को दी। इसके बाद दो मिनट मौन रहकर सदस्यों ने दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी। श्री धनखड़ ने सदन की ओर से दो सदस्यों श्री सदानंद शेट तानावडे और श्री साकेत गोखले को जन्मदिन की शुभकामनायें दी। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

## सभापति ने राज्यसभा के 11 सदस्यों का निलंबन किया रद्द

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र शुरू होने के साथ ही सदन में 11 सदस्यों के निलंबन को लेकर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट बुधवार को पेश की गयी जिनमें इनको दोषी बताया गया है, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए इसके निलंबन को रद्द कर दिया। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट पेश की गयी जिसमें इन सदस्यों को विशेषाधिकार के हनन और सदन की अवमानना का दोषी बताया गया है।

# मनोज जारांगे ने 10 फरवरी से भूख हड़ताल की चेतावनी दी

**मराठा आरक्षण**

**पुणे।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने एक चेतावनी जारी की है, जिसमें उन्होंने घोषणा की है कि अगर महाराष्ट्र सरकार मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में अपनी अधिसूचना को लागू करने में विफल रहती है, तो 10 फरवरी से नई भूख हड़ताल शुरू करने का इरादा है।

पुणे में पत्रकार भवन में बोलते हुए, जारांगे ने इस बात पर जोर दिया कि समुदाय कानूनी रूप से जारी प्रमाण पत्र, विशेष रूप से उनके रिश्तेदारों (ऋषि सोयारे) के लिए, प्राप्त होने के बाद ही दिवाली मनाएगा। उन्होंने कुनबी अभिलेखों की वैधता पर जोर देते हुए कहा कि उनका विरोध नहीं किया जा सकता है, और मराठा उसी स्थिति की उम्मीद करते हैं जो ओबीसी को प्रदान की जाती है। जारांगे ने एक ईमानदार आंदोलन की इच्छा व्यक्त करते हुए नेतृत्व की तलाश में अपनी प्रारंभिक अनिच्छा को स्पष्ट किया।

इससे पूर्व 26 जनवरी को मुंबई की सड़कों पर हजारों लोग का हुजूम उमड़ पड़ा था। ये लोग मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्विचतकाल अनशन के लिए आए थे। लेकिन कुछ ही वक्त में ये लोग अपने-अपने घर भी लगे गए। क्योंकि उसी दिन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें मराठा आरक्षण देने का ऐलान कर दिया।



उस दिन मराठा आरक्षण की मांग वाला आंदोलन तो खत्म हो गया, लेकिन एक नए आंदोलन (ओबीसी आरक्षण) की नींव भी पड़ गई। दरअसल शिंदे सरकार ने आश्वासन देते हुए कहा कि जब तक मराठाओं को आरक्षण देने का मुद्दा पूरी तरह से नहीं सुलझ जाता है तब तक उन्हें कुनबी जाति का मानकर ओबीसी कोटे से रिजर्वेशन दिया जाएगा। शिंदे सरकार के इस फैसले से मराठा तो खुश हो गए, लेकिन ओबीसी समाज के लोग नाराज हो गए।

## आज का इतिहास

- 1732: राट्सबॉन्स की संसद ने व्यावहारिक प्रतिबंध स्वीकार किया।
- 1783: लम्बेडा हरकुलिस को स्टार के रूप में घोषित।
- 1785: वॉरेन हेस्टिंग्स ने काउंसिल की बैठक में अंतिम बार हिस्सा लिया। बैठक के बाद बंगाल के गवर्नर जनरल पद से इस्तीफा दिया।
- 1793: फ्रेंच क्रांतिकारी युद्ध: फ्रांस ने ग्रेट ब्रिटेन और नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1797: लार्ड कॉर्नवालिस ने बंगाल के गवर्नर जनरल के रूप में शपथ ली।
- 1814: फिलीपींस में मेयॉन ज्वालामुखी फटने से करीब 1,200 लोगों की मौत
- 1827: बंगाल क्लब ऑफ कलकत्ता की स्थापना हुई।

# बोनी कपूर बनाएंगे नो एंट्री का सीक्वल



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में फिल्म नो एंट्री बनायी थी।

इस फिल्म में सलमान खान,अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलीना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता ने अहम भूमिका निभायी थी। बोनी कपूर नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं।इस फिल्म का निर्देशन अनीस बजमी करेंगे। कहा जा रहा है कि नो एंट्री के सीक्वल में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

**Filmi तड़का**

# 'सालार' की सक्सेस के बाद अब प्रभास ने लिया एक महीने का ब्रेक, बीच में छोड़ी फिल्म की शूटिंग!

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार ने कुछ ही दिन पहले अपनी अगली फिल्म 'द राजा साब' की अनाउंसमेंट की थी। इससे पहले वे फिल्म 'सालार' में दिखाई दिए थे जिसने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बनाए। वहीं अब फैंस को उनकी अपकमिंग फिल्म कल्कि 2898 एडी का इंतजार है, इस बीच अब खबर आ रही है कि सुपरस्टार ने कुछ वक्त के लिए फिल्मों से ब्रेक ले लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक प्रभास अपनी हेल्थ पर ध्यान देने के लिए एक महीने का ब्रेक लेने वाले हैं। बता दें कि पिछले साल नवंबर में प्रभास ने यूरोप में अपने घुटने की सर्जरी भी कराई थी। इन दिनों सुपरस्टार फिल्म 'द राजा साब' की शूटिंग में बिजी चल रहे थे और इसी बीच उन्होंने फिल्मों से एक महीने का ब्रेक लेने का फैसला लिया है।



अपनी हेल्थ पर ध्यान देंगे

**ब्रेक के दौरान क्या करेंगे प्रभास:** रिपोर्ट के मुताबिक प्रभास अब मार्च में मारुति के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'द राजा साब' के सेट पर वापसी करेंगे। ये एक रोमांटिक हॉरर फिल्म होगी। सुपरस्टार के करीबी सोर्सेज ने यह भी बताया कि प्रभास अपने ब्रेक के दौरान शांति से वक्त गुजारना चाहते हैं। ब्रेक के दौरान वे अपने करियर और अपने फ्यूचर के बारे में सोचना चाहते हैं।

## नोबेल प्राइज: चौथी बार ट्रम्प हुए नॉमिनेट

**नई दिल्ली।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को शांति के नोबेल प्राइज के लिए नॉमिनेट किया गया है। उन्हें रिपब्लिकन पार्टी की सांसद क्लॉडिया टेनी ने मिडिल ईस्ट में शांति के लिए बनाई गई पॉलिसी अब्राहम अकॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया। इसी के साथ यह चौथी बार हुआ है, जब इस सम्मान के लिए ट्रम्प का नाम भेजा गया है।

मंगलवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर टेनी ने कहा- ट्रम्प की बदौलत मिडिल ईस्ट में 30 सालों के बाद शांति स्थापित करने के लिए कोई एग्रीमेंट लाया गया था। दशकों तक विदेशी मामलों के एक्सपर्ट, अंतरराष्ट्रीय संगठन और अधिकारी यही कह रहे थे कि इजराइल-फिलिस्तीन मामले के हल के बिना शांति नहीं हो सकती।

## मणिशंकर अय्यर को घर खाली करने का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के दिग्गज नेता मणिशंकर अय्यर और उनकी बेटी सुरन्या अय्यर को दिल्ली के जंगपुरा स्थित घर खाली करने का नोटिस मिला है। जो रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने भेजा है। नोटिस में 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर अभिषेक समारोह की निंदा करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट के लिए या तो सार्वजनिक माफी मांगे या घर खाली करें। नोटिस में लिखा गया है कि आपको ऐसे अपशब्दों का उपयोग नहीं करना चाहिए जिससे शांति भंग हो सकती है और अन्य निवासियों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है। आप सोचते हैं कि आपने अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा के विरोध में क्या गलत किया है, तो हम आपको सुझाव देंगे कि कृपया किसी अन्य कॉलोनी में चले जाएं, जहां लोग इस तरह की नफरत पर अपनी आंखे बंद कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### करदाता सेवाएं बंद रहेंगी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने बुधवार को कहा कि ई-फाइलिंग पोर्टल पर करदाताओं के लिए सेवाएं तीन फरवरी से पांच फरवरी के बीच उपलब्ध नहीं होंगी। विभाग ने बताया कि निर्धारित रखरखाव के चलते ऐसा होगा। आयकर विभाग ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'प्रणाली को तकनीकी रूप से बेहतर बनाने सहित निर्धारित रखरखाव गतिविधियों के कारण ई-फाइलिंग पोर्टल पर करदाता सेवाएं शनिवार (तीन फरवरी 2024) को दोपहर दो बजे से सोमवार (पांच फरवरी 2024) को सुबह छह बजे तक बंद रहेंगी।' विभाग ने करदाताओं से इसके अनुरूप अपनी योजना बनाने को भी कहा।

### इन्फोगैन के नए सीईओ

नई दिल्ली। मानव-केंद्रित डिजिटल प्लेटफार्म और साफ्टवेयर इंजीनियरिंग सेवाओं में सिलिकॉन वैली-मुख्यालय वाली अग्रणी कंपनी इन्फोगैन ने दिनेश वेणुगोपाल को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की। उनकी नियुक्ति 8 फरवरी, 2024 से प्रभावी मानी जाएगी। अयान मुखर्जी 2021 में मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनने से पहले 2018 में मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में इन्फोगैन में शामिल हुए थे, अब उनका स्थान दिनेश लेंगे। लगभग तीन दशकों के प्रबंधन अनुभव के साथ दिनेश इन्फोगेन से जुड़े हैं।

### नोवा एग्रीटेक सूचीबद्ध

नई दिल्ली। नोवा एग्रीटेक लिमिटेड के शेयर निर्गम मूल्य 41 रुपये से करीब 37 प्रतिशत के उछाल के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 36.58 प्रतिशत चढ़कर 56 रुपये पर सूचीबद्ध हुए। बाद में यह 43.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58.79 रुपये पर पहुंच गए। एनएसई पर शेयर ने 34.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 55 रुपये पर शुरुआत की। नोवा के आईपीओ को पेशकश के अंतिम दिन गत बृहस्पतिवार को 109.36 गुना अभिदान मिला था।

### फैब इंडिया का नया संग्रह

नई दिल्ली। वसंत का सीज़न अब कुछ ही दिनों दूर है। इस अवसर पर फैब इंडिया ने फैशन और लाइफस्टाइल के प्रेमियों के लिए 'द बिग स्प्रिंग' कलेक्शन लांच किया है। फैब इंडिया के प्रेसिडेंट रिटेल अजय कपूर ने कहा कि इस उत्सव में आप स्टाइल, शिल्प, और सस्टेनेबलिटी, तीनों का आनंद उठा सकते हैं। यह पेशकश पारंपरिक हस्तशिल्प और उचित मूल्यवर्धित उत्पादों का मिलन है। 'द बिग स्प्रिंग' 9 जनवरी 2024 से 350 से अधिक फैब इंडिया स्टोर पर उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, आप इन्हें **fabindia.com** और फैब इंडिया ऐप के माध्यम से आनलाइन भी खरीद सकते हैं।

### डाबर इंडिया का लाभ बढ़ा

नई दिल्ली। दैनिक उपभोग के उत्पाद बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दिसम्बर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.24 प्रतिशत बढ़कर 506.44 करोड़ रुपये हो गया। डाबर इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजार को यह सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 476.65 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में डाबर का परिचालन राजस्व सात प्रतिशत बढ़कर 3,255.06 करोड़ रुपये हो गया।

### पेट्रोनेट को रिकार्ड मुनाफा

नई दिल्ली। एलएनजी आयातक पेट्रोनेट एलएनजी ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1,190.30 करोड़ रुपये का रिकार्ड शुद्ध लाभ कमाया है। कंपनी ने बताया कि गैस कीमतों में गिरावट और आयात क्षमता बढ़ने से उनका मुनाफा बढ़ा। पेट्रोनेट को एक साल पहले इसी अवधि में 1,175.94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। पेट्रोनेट के सीईओ अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि दाहेज में 1.75 करोड़ टन टर्मिनल का अधिकतम उपयोग करने के कारण लाभ में वृद्धि हुई है।

### मारुति का मुनाफा बढ़ा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसम्बर) में एकीकृत शुद्ध लाभ 33.27 प्रतिशत बढ़कर 3,206.8 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में मुनाफा 2,406.1 करोड़ रुपये था।

# कीमतें बढ़ने से भारत में सोने की मांग तीन फीसद तक घटी

■ वर्ष 2023 में सालाना आधार पर 745 टन रही मांग ■ वर्ष 2022 में 774 टन रही थी देश में सोने की मांग

**मुंबई (भाषा)।**

भारत में सोने की मांग 2023 में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 747.5 टन रही है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की 'सोने की मांग का रुझान' रिपोर्ट-2023 के अनुसार, 2022 में देश की कुल सोने की मांग 774.1 टन थी, जो 2023 में 747.5 टन पर आ गई। डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत) सोमसुंदरम पी.आर. ने कहा, 'भारत की 2023 में सोने की मांग तीन प्रतिशत घटकर 747.5 टन रह गई। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से इसकी मांग प्रभावित हुई है। अक्टूबर में नवरात्रि के दौरान सोने की कीमतों में 'करेक्शन' की वजह से उपभोक्ताओं ने अधिक खरीदारी की। इससे नवम्बर में दिवाली के समय सोने की बिक्री तेज रही।'



उन्होंने कहा, 'हालांकि, दिसम्बर में मांग में गिरावट आई क्योंकि सोने की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी का रुख शुरू हो गया है। इसके चलते 2022 की समान अवधि की तुलना में चौथी तिमाही में आभूषणों की मांग में नौ प्रतिशत की गिरावट आई।'

वर्ष 2023 में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। चार मई को घरेलू बाजार में सोने की कीमत 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गई थी। वैश्विक बाजारों में यह 2,083 डालर प्रति औंस पर पहुंची। यह प्रवृत्ति जारी रही और 16 नवम्बर को सोने की कीमत 61,914 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। उन्होंने कहा कि 2024 की बात करें तो भारत की सोने की मांग को मौजूदा सकारात्मक आर्थिक स्थितियों से फायदा होना चाहिए। अगर कीमतें ज्यादा अस्थिर नहीं रहीं तो मांग में बड़ा उछाल आने की संभावना है, जो 800-900 टन के बीच कहीं भी हो सकता है।

### सोने की वैश्विक मांग पांच प्रतिशत घटी

**मुंबई (भाषा)।** एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निकासी जारी रहने से सोने की वैश्विक मांग वर्ष 2023 में एक साल पहले की तुलना में पांच प्रतिशत घटकर 4,448.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। डब्ल्यूजीसी की सोने की मांग के रुझान पर रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में सोने की कुल वैश्विक मांग 4,699 टन थी। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक स्वर्ण ईटीएफ में लगातार तीसरी बार वार्षिक निकासी देखी गई। पिछले साल 244.4 टन ईटीएफ की निकासी हुई, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 109.5 टन रहा था। सबसे अधिक नुकसान यूरोप में हुआ, जहां होल्डिंग में 180 टन की कमी आई। यह वर्ष 2013 के बाद का सबसे खराब वार्षिक प्रदर्शन है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल के अंत में ईटीएफ निकासी की गति काफी धीमी हो गई।

### सोने में 50 रुपये की मजबूती चांदी के दाम में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।**

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 50 रुपये की तेजी के साथ 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हालांकि, चांदी की कीमत 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रहीं। जो पिछले बंद के मुकाबले ₹50 अधिक है।'

# भारत में निर्मित मोबाइल फोन हो सकते हैं सस्ते

■ मोबाइल फोन कलपुर्जों के आयात पर लगने वाले शुल्क में की गई कमी

■ पंद्रह फीसद की जगह दस फीसद हुआ ■ इस कदम से घटेगी कंपनियों की लागत

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारत ने मोबाइल फोन विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले बैटरी कवर, लेंस और सिम सॉकेट जैसे कलपुर्जों पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इस कदम का मकसद स्थानीय उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय बाजारों में उत्पाद की कीमतें कम करना है। सरकार के इस कदम से भारत में निर्मित मोबाइल फोन की कीमतों में कुछ कमी हो सकती है।



वित्त मंत्रालय ने सेल्युलर मोबाइल फोन के लिए स्क्रू, सिम सॉकेट या धातु की अन्य यांत्रिक वस्तुओं सहित कलपुर्जों के आयात पर शुल्क में कटौती संबंधी अधिसूचना 30 जनवरी को जारी की। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि शुल्क को सुसंगत बनाने से से मोबाइल फोन विनिर्माण परिवेश मजबूत होगा। वैष्णव ने कहा, 'सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाना उद्योग में बेहद आवश्यक निश्चितता और स्पष्टता लाता है।'

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि शुल्क में कटौती का भारत में निर्मित मोबाइल फोन की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार पर कोई प्रभाव नही पड़ेगा क्योंकि निर्यात के लिए मोबाइल फोन बनाने में उपयोग किए जाने वाले सभी कलपुर्जों तथा घटकों को पहले से ही विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), एडवांस ऑथराइजेशन जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत शून्य शुल्क पर आयात किया जा सकता है। एपल जैसी कंपनियां इन योजनाओं का लाभ लेती हैं।

> सरकार को इस बात पर गौर करना चाहिए कि शुल्क में कटौती का लाभ कीमतों में कटौती के जरिये घरेलू मोबाइल फोन खरीदारों को दिया जाता है या नहीं।
>
> अजय श्रीवास्तव
> सह संस्थापक, जीटीआरआई

श्रीवास्तव ने कहा, 'सरकार को इस बात पर गौर करना चाहिए कि शुल्क में कटौती का लाभ कीमतों में कटौती के जरिये घरेलू मोबाइल फोन खरीदारों को दिया जाता है या नहीं।'

### 16वें वित्त आयोग के चार सदस्यों की नियुक्ति

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सरकार ने पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा और एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष सहित दो अन्य सदस्यों को नवगठित 16वें वित्त आयोग का सदस्य नियुक्त किया है।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता वाले आयोग में चार सदस्य होंगे। इनकी सहायता सचिव ऋत्विक रंजनम पांडे, दो संयुक्त सचिव और एक आर्थिक सलाहकार करेंगे। झा पिछले 15वें वित्त आयोग में भी सदस्य थे। उनके अलावा सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष को 16वें वित्त आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। सौम्या कांति घोष अंशकालिक सदस्य होंगे।

अधिसूचना में कहा गया, 'आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्य क्रमशः कार्यभार संभालने की तारीख से लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख या 31 अक्टूबर 2025 (जो भी पहले हो) तक पद पर बने रहेंगे।' सरकार ने 31 दिसम्बर 2023 को पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोग का गठन किया था। आयोग 31 अक्टूबर 2025 तक अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप देगा।

# भारतीय स्मार्टफोन बाजार से एपल की कमाई सबसे ज्यादा

■ संख्या के मामले में सैमसंग ने मारी बाज़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

आईफोन विनिर्माता एपल वर्ष 2023 में राजस्व के लिहाज से भारतीय स्मार्टफोन बाजार में पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गई, जबकि सैमसंग ने बिक्री के मामले में सबको पीछे छोड़ दिया। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

बाजार शोध फर्म काउंटर पॉइंट रिसर्च ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा है कि बीते साल भारतीय बाजार में स्मार्टफोन की बिक्री 15.2 करोड़ इकाइयों के साथ कमोबेश स्थिर बनी रही। लेकिन सैमसंग और चीनी फोन विनिर्माता वीवो एवं ओप्पो अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में सफल रहीं। रिपोर्ट कहती है, 'भारत पर एपल की नजर होने पर उसे एक करोड़ फोन की बिक्री का आंकड़ा पार करने में मदद मिली है। इस तरह एपल भारतीय बाजार में पहली बार राजस्व के नजरिये से पहले स्थान पर पहुंच गई। आईफोन के पुराने एवं नए माडलों के लिए मजबूत मांग से इसे बल मिला।' काउंटरपॉइंट रिसर्च के शोध विश्लेषक शुभम सिंह ने कहा, 'एपल के अपने खुदरा स्टोर खोलने और बड़े पैमाने पर जारी प्रोत्साहन पहल से इसकी भौतिक मौजूदगी बढ़ी है।'

वहीं बिक्री की संख्या के मामले में सैमसंग पहले स्थान पर रही है। इसके बाद वीवो 17 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर है। इस दौरान चीन की कंपनी शाओमी पहले स्थान से खिसक कर तीसरे स्थान पर आ गई। उसकी बाजार हिस्सेदारी 16.5 प्रतिशत रही जबकि वर्ष 2022 में यह 20.3 प्रतिशत थी। रिपोर्ट कहती है, 'वृहद-आर्थिक गतिरोधों के चलते साल की पहली छमाही चुनौतीपूर्ण थी जिससे मांग में कमी और स्टाक जमा होने की स्थिति भी रही। लेकिन दूसरी छमाही में 5जी के आने और उम्मीद से बेहतर त्योहारी मौसम ने हालात को सुधारने का काम किया।'

शोध फर्म की वरिष्ठ शोध विश्लेषक शिल्पी जैन ने कहा कि वर्ष 2023 में कुल स्मार्टफोन बिक्री में 5जी फोन की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत पर पहुंच गई। एक साल पहले की तुलना में इसकी बिक्री 66 प्रतिशत बढ़ी है।

# बुनियादी परियोजनाओं के निर्माण स्थल पर मिलेगी साइट लैब को मान्यता

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय गुणवता परिषद (क्यूसीआई) के तहत काम करने वाले राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) ने निर्माण क्षेत्र में गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाया है। इसके तहत, ढाचांगत परियोजना के निर्माण स्थलों पर स्थित अस्थायी 'साइट लैबोरेटरीज' को मान्यता दी जाएगी।

क्यूसीआई की बुधवार को जारी बयान के अनुसार, इसके अलावा, बिल्डिंग परियोजनाओं के निर्माण में उपयोग होने वाली सामाग्री और कंक्रीट की जांच के लिए एक व्यापक मान्यता कार्यक्रम भी शुरू किया है। ये दोनों पहल निर्माण प्रक्रिया के दौरान गुणवत्ता तथा सुरक्षा दोनों सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बयान के अनुसार, 'एनएबीएल ने ढाचांगत परियोजना के निर्माण स्थलों पर स्थित अस्थायी 'साइट लैबोरेटरीज' को मान्यता देना शुरू किया है।'



बयान में कहा गया है कि इससे भारत को नवोन्मेषी निर्माण गतिविधियों में अग्रणी बनने में मदद मिलेगी। सिविल इंजीनियरिंग व्यवस्था के तहत कंक्रीट समेत निर्माण सामाग्रियों का आकलन करने के लिए परियोजना स्थल पर परीक्षण सुविधा अनिवार्य है। खासकर 50,000 वर्ग फुट से ज्यादा आकार में फैली परियोजनाओं के लिए ऐसी जांच जरूरी है।

क्यूसीआई के चेयरपर्सन जक्षय शाह ने कहा, 'एनएबीएल की अस्थायी 'साइट लैबोरेटरीज' की पहल महत्वपूर्ण है। यह निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री के लिए परियोजना स्थल पर गुणवत्ता नियंत्रण मानदंडों को बढ़ाने, वैश्विक उद्योग की सर्वोत्तम गतिविधियों को लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।'

उन्होंने कहा, 'इस तरह की पहल से दक्षता तथा विश्वसनीयता बढ़ेगी। निर्माण गुणवत्ता में यह एक नई उपलब्धि होगी। निर्माण प्रक्रियाओं में गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए यह पहल एक ठोस प्रयास का प्रमाण है।'

### बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार सुस्त पड़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

दिसम्बर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 3.8 प्रतिशत रह गई। एक साल पहले समान अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल है। इनकी वृद्धि नवम्बर में 7.9 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसम्बर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है।

# सेंसेक्स में 612 अंकों की तेजी

**मुंबई (भाषा)।**

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी।



शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 711.49 अंक तक उछला था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसम्बर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नही होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट तथा हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा।

# बॉब ने शुरू किया सात तरह के चालू खातों का पैकेज

**नई दिल्ली (एजेंसियां)।**

बैंक आफ बड़ौदा ने एक व्यापक चालू खाता पैकेज की शुरुआत की घोषणा की है। इस पैकेज में सात नए चालू खाता उत्पादों को शामिल किया गया है। प्रत्येक चालू खाता उत्पाद को विशेष रूप से विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों की विशिष्ट व्यावसायिक बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने, ग्राहकों को सशक्त बनाने और उनके व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।

नए चालू खाता पैकेज का अनावरण बैंक के कार्पोरेट कार्यालय में एक कार्यक्रम में एमडी और सीईओ, देबदत्त चांद द्वारा बैंक के कार्यपालक निदेशकों, सीवीओ और सुश्री शैफाली वर्मा, भारतीय क्रिकेटर और बैंक के ब्रांड प्रचारक की उपस्थिति में किया गया। नए चालू खातों में बॉब लाइट (व्यक्ति/ एकल स्वामित्व/छोटे व्यवसायों के लिए), बॉब वूमेन पावर (महिला उद्यमियों के लिए), बॉब स्मार्ट (मुख्य रूप से डिजिटल लेन-देन करने वाले व्यवसायों के लिए), बॉब गोल्ड (मध्यम आकार के व्यवसायों के लिए) और बॉब प्लैटिनम, बॉब रोडियम, और बॉब डायमंड (उच्च लेनदेन आवश्यकताओं वाले बड़े व्यवसायों के लिए) जैसे विशिष्ट खाते शामिल हैं।




ये खाते चयनित खाते के आधार पर सुविधाओं और वैल्यू एडेड सेवाओं के साथ आते है, जैसे कही से भी अधिक नकद को जमा करना, क्यूआर कोड के साथ मुफ्त साउंड बॉक्स और पीओएस मशीन (शून्य मासिक किराये के साथ), चालू खाते के साथ एक मुक्त ओवरड्राफ्ट सुविधा आदि।

इस अवसर पर बैंक के एमडी एवं सीईओ देबदत्त चांद ने कहा, 'बदलती बैंकिंग आवश्यकताओं पर विचार करते हुए, और उनका बैंकिंग साथी बनने की इच्छा रखते हुए बैंक अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग को और अधिक रिवार्डिंग बनाने के लिए यह उत्पाद पेश कर रहा है।

# जूम ने अयोध्या उड़ान के साथ फिर शुरू की अपनी सेवाएं

■ चार साल बाद दुबारा शुरू हुआ है परिचालन
■ लखनऊ और अमृतसर उड़ानें जल्द शुरू करने की है तैयारी
■ फिलहाल जूम के बेड़े में हैं दो विमान
■ जल्द जुड़ेंगे चार नए विमान

**अयोध्या (भाषा)।**

घरेलू एयरलाइन जूम ने बुधवार को नई दिल्ली से अयोध्या के लिए एक उड़ान संचालित की। इसके साथ ही कंपनी ने लगभग चार साल के बाद अपनी सेवाओं की दोबारा शुरुआत की है।

एयरलाइन के पास इस समय पांच बॉम्बार्डियर सीआरजे 200ईआर विमानों का बेड़ा है। इनमें से प्रत्येक में 50 सीटें है। एयरलाइन के निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अतुल गंभीर ने बुधवार को कहा कि शुरुआत में दिल्ली से अयोध्या के लिए सप्ताह में तीन उड़ानें संचालित की जाएंगी।

दिल्ली से अयोध्या की उड़ान में बात करते हुए गंभीर ने कहा कि एयरलाइन आने वाले महीनों में तेजी से विस्तार करेगी। उसके अगले संभावित गंतव्यों में लखनऊ और अमृतसर शामिल है।

जूम के बेड़े में शामिल सभी पांच विमान अगले तीन से चार महीनों में परिचालन के लिए तैयार हो जाएंगे। इस समय उसके दो विमान उड़ान के योग्य है।



विस्तार योजनाओं पर बात करते हुए गंभीर ने कहा, 'आने वाले महीनों में हमारी योजना छोटे आकार के विमानों के साथ ही मालवाहक विमानों को बेड़े में शामिल करने की है।' एयरलाइन ने अभी यह तय नहीं किया है कि बोइंग या एयरबस के छोटे आकार के विमानों को लिया जाए या नहीं।

गंभीर ने कहा कि एयरलाइन का लक्ष्य दो वर्षों में 20 विमानों का बेड़ा बनाना है और इसके बाद कंपनी अंतरराष्ट्रीय सेवाओं पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। जूम में लगभग 125 कर्मचारी है और अगले एक महीने में लगभग 75 और लोगों को नियुक्त किया जाएगी।

### बॉब का तीसरी तिमाही का मुनाफा 19 फीसद बढ़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आफ बड़ौदा (बीओबी) का मुनाफा दिसम्बर, 2023 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 4,579 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में बैंक ने 3,853 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

बीओबी ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 31,416 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 27,092 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय बढ़कर 28,605 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 23,540 करोड़ रुपये थी।

# ईपीएल : आर्सेनल जीता, एदेबायो ने महज 18वें सेकंड में दागा गोल

एजेंसी ▶▶| लंदन

प्रीमियर लीग फुटबॉल ने संक्षिप्त शीतकालीन ब्रेक के बाद जोरदार वापसी की जब मंगलवार को हुए मुकाबलों में एक टीम ने सिर्फ 18 सेंकंड जबकि दूसरी टीम ने सिर्फ 21 सेकंड बाद गोल दागा। आर्सेनल भी नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है और उसने शीर्ष पर चल रहे लिवरपूल पर दबाव बढ़ा दिया है। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल जीसस (65वें मिनट) और बुकायो साका (72वें मिनट) ने गोल दागे। नॉटिंघम फॉरेस्ट की ओर से एकमात्र गोल ताइवो अवोनियी ने 89वें मिनट में किया। इस जीत से आर्सेनल की टीम 22 मैच में 46 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। फॉरेस्ट की टीम इतने ही मैच में 20 अंक के साथ 16वें स्थान पर है। लिवरपूल 48 अंक के साथ शीर्ष पर है। उसने आर्सेनल से एक मैच कम खेला है।




## एलिजा ने दागा हैट्रिक गोल

*मंगलवार को कुल पांच मुकाबले हुए जिसमें 16 गोल दागे गए। लुटोन टाउन ने एलिजा एदेबायो के तीन गोल की मदद से ब्राइटन को 4-0 से हराया। टीम इस जीत से फिलहाल रेलीगेशन के खतरे से बाहर आ गई है। एदेबायो ने पहला गोल 18 सेकंड के बाद दागा। उनका यह गोल हालांकि बामुश्किल रात का सबसे तेज गोल रहा क्योंकि बेन ब्रेरेटन डियाज ने 21 सेकंड बाद गोल दागा लेकिन इसके बावजूद शेफील्ड यूनाईटेड को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। फुलहम ने एवर्टन से गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला को न्यूकासल के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।*



## अफ्रीका ने मोरक्को को 2-0 से हराया



*अबिदजान। दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां प्री क्वार्टर फाइनल में मोरक्को को 2-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने एविडेंस माकगोपा (57वें मिनट) और तेबोहो मोकोएना (90 प्लस पांच मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला मोरक्को इस मुकाबले में विंगर हकीम जियेच और सोफियान बोफाल के बिना उतरा था। ये दोनों जाम्बिया के खिलाफ जीत के दौरान चोटिल हो गए थे।*

## खबर संक्षेप



### भारत बड़ी खेल शक्ति बनने की ओर अग्रसर

**नई दिल्ली।** देश में खेलों और खिलाड़ियों को सरकार की ओर से दी जा रही मदद को अभूतपूर्व बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि देश की युवाशक्ति को कौशल और रोजगार से जोड़ने के लिए खेल आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के प्रथम दिन लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा, 'हम खेल आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। सरकार ने खेलों और खिलाड़ियों को अभूतपूर्व मदद दी है। आज भारत एक बहुत बड़ी खेल शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।'

### खुशी ने पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त

**कोलकाता।** खुशी खानिजाऊ ने बुधवार को यहां अंतिम होल में बर्डी के साथ महिला पेशेवर गोल्फ टूर के तीसरे चरण में पहले दौर के बाद एकल बढ़त बना ली। खुशी ने आठवें, 10वें और 18वें होल में तीन बर्डी की लेकिन पांचवें और 12वें होल में दो बोगी भी कर गई जिससे पहले दौर के बाद उनका स्कोर एक अंडर 69 रहा। वह पहले दौर में अंडर पार का स्कोर बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। अनुभवी अमनदीप द्राल 16 होल के बाद चार अंडर के स्कोर से सबसे आगे चल रही थी लेकिन इसके बाद 17वें होल में उन्होंने ट्रिपल बोगी की और 18वें होल में भी बोगी कर गई।



### पूर्व क्रिकेटर चेक बाउंस मामले में गिरफ्तार

**नागपुर।** चेक बाउंस मामले में नागपुर पुलिस ने पूर्व क्रिकेटर प्रशांत वैद्य को बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह कार्रवाई उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट पर की। पुलिस अधिकारी ने बताया भारतीय टीम के लिए 90 के दशक में एक वनडे मैच खेलने वाले वैद्य को अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें निजी मुचलके पर रिहा कर दिया। वैद्य वर्तमान में विदर्भ क्रिकेट संघ की क्रिकेट विकास समिति के प्रमुख हैं।



### अश्विन की टेस्ट रैंकिंग में बादशाहत कायम

**दुबई।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को आईसीसी की ओर से जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जबकि हमवतन जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में भारत की 28 रन की हार के दौरान अश्विन ने मैच में छह विकेट झटके थे। उनके नाम 853 रेटिंग अंक हैं। तेज गेंदबाज बुमराह ने भी इस मैच में छह विकेट चटकाए थे जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए।



## क्रिकेट : विशाखापट्टनम के स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड 2-0

# इंग्लैंड के 'बैजबॉल' की निकलेगी हवा, भारत करेगा तगड़ा पलटवार

एजेंसी ▶▶| विशाखापट्टनम

इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट मैच में 28 रन से मिली हार के बाद भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच विशाखाापट्टनम के वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में 2 फरवरी से खेला जाएगा। इस मैदान पर भारतीय टीम का टेस्ट क्रिकेट शानदार रहा है। ऐसे में टीम इंडिया के बेमिसाल आंकड़ें देख विरोधी टीम में खलबली मच गई है। दरअसल, विशाखापट्टनम के वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड शानदार रहा है, जहां उन्होंने इस मैदान पर कुल दो टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्हें दोनों में जीत मिली है।

साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने इस मैदान पर टेस्ट खेला था, जिसमें विराट कोहली के नेतृत्व में टीम इंडिया को 246 रन से जीत मिली थी। इस मैच में विराट कोहली ने बल्ले से तबाही मचाते हुए पहली पारी में 167 रन औकर दूसरी पारी में 87 रन बनाए थे। आर अश्विन ने पहली पारी में 5 विकेट हासिल किए थे। इस शानदार प्रदर्शन की वजह से ये मैदान भारत के लिए बेहद ही यादगार है। इसके बाद साल 2019 में इस मैदान पर साउथ अफ्रीका को भारत ने 203 रन से पटखनी दी थी। मयंक अग्रवाल ने दोहरा शतक जमाया था, जबकि रोहित शर्मा ने पहली पारी में 176 रन बनाए थे। अश्विन ने 7 विकेट दर्ज किए थे।



### भारतीय टेस्ट टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत, ध्रुव जुरैल, आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

### स्वीप और रिवर्स स्वीप का किया अभ्यास

भारत के मौजूदा दौर के बल्लेबाजों को स्वीप शॉट के लिए नहीं जाना जाता है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम के खिलाड़ियों ने नेट सत्र में जम कर इस शॉट का अभ्यास किया। कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर किसी अन्य भारतीय बल्लेबाजों ने पांच मैचों की श्रृंखला के हैदराबाद में खेले गये शुरुआती टेस्ट में स्वीप शॉट का सहारा नहीं लिया था। दोपहर में टीम की शुरुआती नेट सत्र में लय तलाश रहे शुभमन गिल को स्वीप और रिवर्स स्वीप दोनों का अभ्यास करते देखा गया। शुक्रवार से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में पदार्पण करने के दावेदार रजत पाटीदार भी स्वीप और रिवर्स स्वीप का अभ्यास करते देखे गए। टीम में पहली बार शामिल हुए सरफराज खान को भी बल्लेबाजी अभ्यास करते देखा गया।

## एशियाई क्रिकेट में फिर भारत का दबदबा, शाह बने अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद का अध्यक्ष चुना गया। शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नामांकन का समर्थन किया। शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे।

उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। शाह के नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी20 प्रारूप और 2023 में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया। शाह ने कहा, 'मैं एसीसी बोर्ड का मुझ पर विश्वास बनाए रखने के लिए आभारी हूं। हमें खेल के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के साथ उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए जहां यह अब भी अपनी शुरुआती अवस्था में है। एसीसी पूरे एशिया

## लीच का दूसरे टेस्ट में खेलना संदिग्ध




एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

इंग्लैंड के सबसे अनुभवी स्पिनर जैक लीच हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट के दौरान घुटने में लगी चोट से पूरी तरह से उबरने में विफल रहे हैं जिससे पांच मैचों की श्रृंखला में शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। लीच ने बुधवार को टीम के अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया।

उन्हें मैदान के बाहर फिजियो से इलाज कराते देखा गया। घुटने के आसपास चोट लगने से हुई सूजन और दर्द के बावजूद उन्होंने हैदराबाद टेस्ट की पहली पारी में 26 और दूसरी पारी में 10 ओवर की गेंदबाजी की थी।

# लखनऊ, टाटा, रेलवे कोलकाता ने जीते मैच

▶▶| राजनांदगांव

एनसीओई लखनऊ ने कड़े संघर्ष में जीएसटी चेन्नई को 2-0 से एवं दूसरे एकतरफा खेले गये मैच में नचल टाटा हॉकी अकादमी जमषेदपुर ने साई एनसीओई इम्फाल मणिपुर को 6-1 से हराकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के अगले रांउड प्रवेश कर लिया है। आज के अंतिम मैच में दक्षिण पूर्व रेल्वे कोलकता ने हॉकी महाराष्ट्र को 5-2 गोल से आसानी से पराजित कर दिया।

■ 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता-2024

स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए पहले रोमांचक मैच में एनसीओई लखनऊ बनाम जीएसटी चेन्नई मैच के पहले क्वार्टर में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी थीं। दूसरे क्वार्टर के 28वें मिनट में लखनऊ के दीपक पटेल ने मैदानी गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं। वहीं मैच का निर्णायक गोल चौथे क्वार्टर के 55वें मिनट में सैफ खान ने करते हुए लखनऊ को 2-0 गोल से जीत दिला दी।



### नवल टाटा की धमाकेदार जीत

*दूसरे मैच में नवल टाटा हॉकी अकादमी जमषेदपुर ने साई एनसीओई इम्फाल मणिपुर को 1 के मुकाबले 6 गोल से हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मैच में पहले ही मिनट से नवल टाटा ने गोल करना प्रारंभ कर दिया था और हर क्वार्टर में उसके खिलाड़ी गोल करते गए। टाटा की ओर से सत्यम ने 2 गोल सुखनाथ, गुरिया, दीपक सोरेन, अब्दुल कादिर एडिसन मिंज ने 1-1 गोल किया। वहीं इम्फाल की ओर से एक मात्र गोल 42वें मिनट में अमन कुमार ने किया।*

### लकरा के दो गोल से जीता कोलकाता

*आज के तीसरे एवं अंतिम मैच में दक्षिण पूर्व रेलवे के मैच के प्रारम्भ के 7वें मिनट में कोलकता ने पेनाल्टी कार्नर बनाया जिसे अमनदीप लकरा ने गोल में तब्दिल कर 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर के 18वें मिनट में महाराष्ट्र के प्रताप शिंदे ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर स्थिति 1-1 की बराबरी पर ला दी। इसके बाद रेलवे कोलकता के खिलाड़ियों ने 19वें मिनट में, अमनदीप लकरा 28वें मिनट में, लबन लुगुन 42वें मिनट में नोएल टोपनो के गोल से बढ़त 4-1 बना ली। मैच के अंतिम क्वार्टर के 56वें मिनट में महाराष्ट्र के गणेश पाटिल ने पेनाल्टी कार्नर से गोल किया। लेकिन दूसरे ही मिनट में रेलवे के सुनीत लकरा ने गोल करते हुए अपनी टीम को 5-2 गोल की निर्णायक बढ़त दिलाते हुए अपले दौर में प्रवेश किया।*

## विष्णु पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

*एडीलेड। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय सेलर (पाल नौकायन खिलाड़ी) बने जब उन्होंने बुधवार को यहां विश्व चैंपियनशिप के जरिए पेरिस खेलों में जगह बनाई। मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार 24 साल के सरवनन ने यहां आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया। वह पेरिस 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी हैं। सरवनन एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा। सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। मानक नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। विष्णु 2019 अंडर-21 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता हैं।*



# श्रीकांत की थाईलैंड मास्टर्स में शानदार जीत, मंजूनाथ से होगा अगला मुकाबला

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया।

श्रीकांत दूसरे दौर में हमवतन मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे, जिन्होंने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। समीर वर्मा हालांकि पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 14-21, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए। मालविका बंसोड़ और अस्मिता चालिहा ने महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। अस्मिता ने वोंग लिंग चिंग को 21-10, 21-16 से शिकस्त दी जबकि मालविका ने पेरू की इनेस लूसिया कास्टिलो सालाजार को 22-20, 21-8 से हराया।




# सचिन तेंदुलकर ने खाता खोलने किया था तीन मैच तक इंतजार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दुनिया के सबसे महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को खाता खोलने के लिए तीन मैच तक इंजतार करना पड़ा था। पहले और दूसरे मैच में शून्य पर आउट होने के बाद कॅरियर के तीसरे मैच में एक रन बनाकर आउट हो गए थे।

तेंदुलकर ने बुधवार को इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में कहा, 'अपने जीवन के पहले मैच में मैंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। मेरे सभी मित्र आए और मैं पहली गेंद पर आउट हो गया जो काफी निराशाजनक था। मैंने कुछ बहाने बनाए जो आमतौर पर गली क्रिकेट में स्वीकार्य होते थे। मैंने कहा कि गेंद नीची रह गई थी और वे सभी मान गए। मैंने अगले मैच में उन्हें फिर बुलाया और मैं फिर पहली गेंद पर आउट हो गया। मैंने फिर बहाना बनाया और कहा कि गेंद थोड़े अधिक उछाल के साथ आई थी और यह पिच की गलती थी, मेरी नहीं। लेकिन तीसरे मैच में मैंने कहा कि मैं उन्हें नहीं बुलाऊंगा क्योंकि मैं उनका समय बर्बाद कर रहा हूं। मैं अकेला जाऊंगा।' तेंदुलकर ने कहा कि तब उन्होंने एक रन बनाने की अहमियत समझी। मैं गया और मैंने एक रन बनाया। मुझे याद है कि मैंने पांच-छह गेंद खेली और एक रन बनाकर आउट हुआ। लेकिन कहीं मैं खुश था, मैंने एक रन बनाया था। मैं शिवाजी पार्क से बांद्रा वापस गया। बस का यह सफर सुखद था क्योंकि मैंने एक रन बनाया था।'



## भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर की सलाह, कहा- गिल और अय्यर जैसे खिलाड़ियों के साथ धैर्य रखने की जरूरत

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को कहा कि शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन के बीच उनके साथ धैर्य रखना होगा। उन्होंने अपने खिलाड़ियों को सलाह दी कि वे यहां दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की आक्रामकता से समझदारी से निपटें। भारत को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पहली पारी में 190 रन की बढ़त लेने के बावजूद 28 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड ने बेहद आक्रामक होकर खेलने के अपने बैजबॉल रवैये से भारत को पछाड़ा था जिसमें ओली पोप ने 196 रन की पारी खेली थी। दूसरा टेस्ट शुक्रवार से शुरू होगा। राठौड़ ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमारी टीम में ऐसे युवा बल्लेबाज हैं जिन्होंने काफी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। इसलिए हमें उनके साथ थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है। (शुभमन) गिल, (यशस्वी) जायसवाल और (श्रेयस) अय्यर अंततः बड़ी पारियां खेलेंगे, मुझे इसका यकीन है। जायसवाल ने हैदराबाद में अपने पांचवें टेस्ट की पहली पारी में 80 रन बनाए लेकिन गिल और अय्यर नाकाम रहे। गिल ने 21 जबकि अय्यर ने 13 टेस्ट खेले हैं। गिल ने अपनी पिछली नौ टेस्ट पारियों में अर्धशतक नहीं बनाया है। अय्यर भी खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि उन्हें दूसरे टेस्ट में टीम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है जहां घरेलू टीम को एक बार फिर से विराट कोहली की कमी खलेगी। राठौड़ ने कहा, जज्बे के साथ खेलने और आक्रामक क्रिकेट खेलने के बीच अंतर है। मैं चाहता हूं कि वे जज्बे के साथ खेलें। अगर कुछ रन बनाने का मौका है, तो उन्हें इसका फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, उन्हें पिच और परिस्थितियों को देखकर फैसला करना होगा।



# भारत में ग्लूकोमा के 80 प्रतिशत मामलों का पता ही नहीं चल पाता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत में अंधेपन का तीसरा सबसे आम कारण ग्लूकोमा के 80 प्रतिशत मामलों का पता ही नहीं चल पाना है। विशेषज्ञों ने बुधवार को बताया कि ग्लूकोमा एक ऐसी बीमारी है, जो ऑप्टिक तंत्रिका को प्रभावित करती है। जनवरी राष्ट्रीय ग्लूकोमा जागरूकता माह है, जो इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने का समय है। ग्लूकोमा को 'छुपे चोर' के रूप में भी जाना जाता है। इसके कोई प्रारंभिक लक्षण नहीं होते हैं। यह अपरिवर्तनीय अंधेपन का प्रमुख कारण भी है, जिससे दुनिया भर में 8 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हैं।

नई दिल्ली में दिल्ली आई सेंटर और सर गंगा राम अस्पताल के वरिष्ठ कॉर्निया, मोतियाबिंद और सर्जरी विशेषज्ञ इकेदा लाल ने बताया कि, ग्लूकोमा आंखों की स्थितियों का एक समूह है, जो ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंचाता है, जिससे धीरे-धीरे दृष्टि हानि होती है। यह आम तौर पर शुरुआती चरण में कोई लक्षण नहीं दिखाता है, जिससे प्रारंभिक निदान के लिए नियमित आंखों की जांच महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे स्थिति बढ़ती है, व्यक्ति को धुंधली दृष्टि, कम रोशनी के साथ तालमेल बिठाने में कठिनाई और रोशनी के चारों ओर प्रभामंडल देखने का अनुभव हो सकता है। कुछ मरीजों को आंखों में दर्द और सिरदर्द का भी अनुभव हो सकता है। डॉक्टर ने कहा, यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई देता है, तो व्यापक नेत्र परीक्षण के लिए नेत्र चिकित्सक को दिखाना महत्वपूर्ण है। भारत में 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लगभग 1 करोड़ लोगों को ग्लूकोमा है। लेकिन, उनमें से केवल 20 प्रतिशत ही जानते हैं कि उन्हें यह है।



भारत में 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लगभग 1 करोड़ लोगों को ग्लूकोमा है लेकिन, उनमें से केवल 20 प्रतिशत ही जानते हैं कि उन्हें यह है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शुरुआत में इस बीमारी के कोई लक्षण नहीं होते हैं।

ऐसा इसलिए है क्योंकि शुरुआत में इस बीमारी के कोई लक्षण नहीं होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, हालांकि ग्लूकोमा मुख्य रूप से मध्यम आयु वर्ग और बुजुर्गों को प्रभावित करता है। यह सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है। नई दिल्ली एम्स में आरपी सेंटर फॉर ऑप्थेलमिक साइंसेज के रोहित सक्सेना ने बताया कि, ग्लूकोमा में दृष्टिहानि ऑप्टिक तंत्रिका की क्षति के कारण होती है जो आंखों से मस्तिष्क तक इमेज को ले जाने के लिए जिम्मेदार होती है। दृष्टि हानि जीवन की कम गुणवत्ता और दैनिक जीवन की गतिविधियों को करने की क्षमता में कमी से जुड़ी हो सकती है, जिसमें अवसाद और चिंता भी शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ ग्लूकोमा आम होता जाता है। पारिवारिक इतिहास और आनुवांशिकी एक भूमिका निभाते हैं, जिन व्यक्तियों के रिश्तेदार ग्लूकोमा से प्रभावित होते हैं, वे अधिक जोखिम में होते हैं। ग्लूकोमा का कोई पूर्ण इलाज नहीं है। लेकिन, जल्दी पता लगाना, उपचार बहुत महत्वपूर्ण है और इससे दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिलती है। डॉक्टरों ने कहा कि जब इसकी पहचान हो जाती है, तो लोगों को दीर्घकालिक निगरानी और प्रबंधन की आवश्यकता होगी।

## एआई को बड़े पैमाने पर लागू करना है : सत्या नडेला



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला ने कहा, एआई-फर्स्ट स्टार्ट-अप और दुनिया की कुछ सबसे बड़ी कंपनियों में बढ़ते उपयोग को देखते हुए, माइक्रोसॉफ्ट पूरे डेटा और टेक स्टैक में एआई के पावर को एकीकृत कर रहा है। 2,30,000 से ज्यादा संगठन पहले ही पावर प्लेटफॉर्म में एआई क्षमताओं का उपयोग कर चुके हैं, जो तिमाही दर तिमाही 80 प्रतिशत से ज्यादा है, और संगठन माइक्रोसॉफ्ट 365 के लिए कोपायलट को तैयार कर सकते हैं या अपने खुद के लिए कस्टम कोपायलट बना सकते हैं। नडेला ने मंगलवार देर रात कंपनी की अर्निंग कॉल के दौरान एनालिस्ट को बताया, इसका उपयोग पहले से ही 10,000 से अधिक संगठनों द्वारा किया जा रहा है, जिनमें एन पोस्ट, हॉलैंड अमेरिका, पीजी एंड ई शामिल हैं। काम में बदलाव लाने में एआई की खास भूमिका होगी।



## करीना ने अमृता अरोड़ा को 43 वें जन्मदिन पर दीं शुभकामनाएं



**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने अपनी दोस्त अमृता अरोड़ा को उनके 43वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। करीना ने सोशल मीडिया पर एक रील शेयर की, जिसमें उनका प्यारा बॉन्ड देखने को मिल रहा है। वीडियो में करीना के पति व एक्टर सैफ अली खान, अमृता की बहन मलायका अरोड़ा और करीना की बड़ी बहन करिश्मा कपूर भी हैं। दोनों की कई थ्रोबैक कैंडिड तस्वीरें शामिल हैं। पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, हमारे दिलों की रानी को जन्मदिन की शुभकामनाएं, आई लव यू मेरे अमोलस। हमेशा, हमेशा के लिए... और हमेशा खुश रहो।

## भोजपुरी गाना बंदूक रिलीज



**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी अभिनेता और गायक अरविंद अकेला कल्लू और गायिका शिल्पी राज का नया गाना बंदूक रिलीज हो गया है।आइकॉन म्यूजिक की एमडी, रशना पोचखानावाला ने कहा, आइकॉन म्यूजिक में, हम सक्रिय रूप से मुख्यधारा और क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं दोनों में अपने फुटप्रिंट विकसित कर रहे हैं। भोजपुरी संगीत में हालिया प्रवेश एक रणनीतिक स्तंभ के रूप में खड़ा है। हमारा दर्शन कलाकारों और उनके संगीत को प्रशंसकों के साथ जोड़ने और साथ ही संस्कृति को आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेने के इर्द-गिर्द घूमता है।गाना बंदूक के गीतकार भागीरथ पाठक और संगीतकार शुभम राज एसबीआर है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में कल्लू के साथ सपना चौहान नजर आई है, जबकि कोरियोग्राफर प्रेम शर्मा है।

## इंडियन आइडल प्रतियोगियों से 'वंदे मातरम' सुनकर खुश हुए विशाल

**मुंबई (वार्ता)।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सिंगिंग रियलिटी शो, इंडियन आइडल 14 के प्रतियोगियों से फाइटर एंथम 'वंदे मातरम' को अपनी आवाज देते हुए देखकर विशाल ददलानी गौरवान्वित हो गये। इंडियन आइडल 14 के प्रतियोगियों को फाइटर के मशहूर गीत,'वंदे मातरम'(द फाइटर एंथम) को



अपनी अनूठी आवाज देने का अवसर दिया गया। यह प्रेरणादायक ट्रैक विशाल-शेखर द्वारा तैयार किया गया है और इसमें प्रतियोगी कानपुर के वैभव गुप्ता, कोलकाता के सुभादीप दास चौधरी और दीपन मित्रा, तूतिंग के ओबोम तांगू, नागपुर के उत्कर्ष वानखेड़े और बलोत्रा, राजस्थान के पीयूष पंवार को गाने का मौका दिया गया।जज विशाल ददलानी ने कहा,इंडियन आइडल के प्रतियोगियों को फाइटर एंथम 'वंदे मातरम' को अपनी आवाज देते हुए देखकर मै बहुत गर्व से भर जाता हूं। इन प्रतिभाशाली व्यक्तियों ने न सिर्फ मंच पर अपनी सिंगिंग स्किल्स का प्रदर्शन किया है बल्कि अब फाइटर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म के लिए प्लेबैक सिंगिंग में भी कदम रखा है।



पुण्यतिथि पर विशेष

## सुरीली आवाज की मलिका थी सुरैया

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड में सुरैया को ऐसी गायिका-अभिनेत्री के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने अपने सशक्त अभिनय और जादुई पार्श्वगायन से सिने प्रेमियों को अपना दीवाना बनाया। 15 जून 1929 को पंजाब के गुजरांवाला शहर में एक मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मी सुरैया का रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था और वह पार्श्वगायिका बनना चाहती थी। हालांकि उन्होंने किसी उस्ताद से संगीत की शिक्षा नहीं ली थी लेकिन संगीत पर उनकी अच्छी पकड़ थी । सुरैया अपने माता पिता की इकलौती संतान थी। सुरैया ने प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के न्यू गर्ल्स हाई स्कूल से पूरी की । इसके साथ ही वह घर पर ही कुरान और फारसी की शिक्षा भी लिया करती थी। बतौर बाल कलाकार वर्ष 1937 में उनकी पहली फिल्म ..उसने सोचा था..प्रदर्शित हुई। सुरैया को अपना सबसे पहला बड़ा काम अपने चाचा जहूर की मदद से मिला जो उन दिनों फिल्म इंडस्ट्री मे बतौर खलनायक अपनी पहचान बना चुके थे।



वर्ष 1941 में स्कूल की छुटियों के दौरान एक बार सुरैया मोहन स्टूडियो में फिल्म ..ताजमहल.. की शूटिंग देखने गई। वहां उनकी मुलाकात फिल्म के निर्देशक नानु भाई वकील से हुई जिन्हें सुरैया में फिल्म इंडस्ट्री का एक उभरता हुआ सितारा दिखाई दिया । उन्होंने सुरैया को फिल्म के किरदार..मुमताज महल के लिये चुन लिया। आकाशवाणी के एक कार्यक्रम के दौरान संगीत सम्राट नौशाद ने जब सुरैया को गाते सुना तब वह उनके गाने के अंदाज से काफी प्रभावित हुए। नौशाद के संगीत निर्देशन में पहली बार कारदार साहब की फिल्म ..शारदा .. में सुरैया को गाने का मौका मिला ।

इस बीच सुरैया को वर्ष 1946 मे महबूब खान की ..अनमोल घड़ी ..में भी काम करने का मौका मिला । हांलाकि सुरैया इस फिल्म मे सह अभिनेत्री थी लेकिन फिल्म के एक गाने .. सोचा था क्या क्या हो गया .. से वह बतौर पार्श्वगायिका श्रोताओं के बीच अपनी पहचान बनाने में काफी हद तक सफल रही। इस बीच निर्माता जयंत देसाई की फिल्म ..चंद्रगुप्त ..के एक गाने के रिहर्सल के दौरान सुरैया को देखकर के.एल.सहगल काफी प्रभावित हुए और उन्होंने जयंत देसाई से सुरैया को फिल्म ..तदबीर ..में काम देने की सिफाशि की । वर्ष 1945 मे प्रदर्शित फिल्म ..तदबीर में के .एल. सहगल के साथ काम करने के बाद धीरे धीरे उनकी पहचान फिल्म इंडस्ट्री में बनती गई।

वर्ष 1949-50 मे सुरैया के सिने कैरियर मे अभूतपूर्व परिवर्तन आया।वह अपनी प्रतिद्वंदी अभिनेत्री नरगिस और कामिनी कौशल से भी आगे निकल गयी । इसका मुख्य कारण यह था कि सुरैया अभिनय के साथ साथ गाने भी गाती थी। प्यार की जीत, बड़ी बहन और दिल्लगी 1950 जैसी फिल्मों की कामयाबी के बाद सुरैया शोहरत की बुलंदियो पर जा पहुंची । सुरैया के सिने कैरियर मे उनकी जोड़ी फिल्म अभिनेता देवानंद के साथ खूब जमी।सुरैया और देवानंद की जोड़ी वाली फिल्मों में विद्या, जीत, शायर, अफसर, नीली और दो सितारे जैसी फिल्में शामिल है। वर्ष 1950 में प्रदर्शित फिल्म अफसर के निर्माण के दौरान देवानंद का झुकाव सुरैया की ओर हो गया था। एक गाने की शूटिंग के दौरान देवानंद और सुरैया की नाव पानी में पलट गयी।

## 49 वर्ष की हुईं प्रीति जिंटा

**मुंबई 31 जनवरी (वार्ता)।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री प्रीति जिंटा आज 49 वर्ष की हो गईं। 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्मीं प्रीति जिंटा ने अपने करियर के शुरूआती दौर में विज्ञापन फिल्मों में काम किया। प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1998 में प्रदर्शित मणिरत्नम की फिल्म दिल से से की। इस फिल्म के लिए प्रीति जिंटा को फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 1998 में प्रीति जिंटा की एक और फिल्म सोल्जर प्रदर्शित हुई। इस फिल्म में प्रीति जिंटा के अपोजिट बॉबी देओल थे। संस्पेंस पर आधारित इस फिल्म में प्रीति जिंटा और बॉबी देओल की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सोल्जर टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म क्या कहना प्रीति जिंटा के करियर के लिए अहम फिल्म साबित हुई। इस फिल्म के पहले लोगों की धारणा थी कि प्रीति जिंटा केवल चुलबुले किरदार निभा सकती है लेकिन इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस फिल्म के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गई। वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म दिल चाहता है प्रीति जिंटा के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। वर्ष 2003 प्रीति जिंटा के करियर के लिए खास साल साबित हुआ। इस साल उनकी कल हो ना हो और कोई मिल गया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। कल हो ना हो के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई वहीं कोई मिल गया के लिए भी वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म वीर जारा प्रीति जिंटा के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्रीति जिंटा और शाहरूख खान की जोड़ी एक बार फिर से पसंद की गई। वर्ष 2005 में प्रदर्शित और लिव इन रिलेशनशिप पर आधारित फिल्म सलाम नमस्ते के जरिए प्रीति जिंटा ने एक बार फिर से अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को दीवाना बना दिया।

वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म कभी अलविदा ना कहना प्रीति जिंटा के करियर की अंतिम सुपरहिट फिल्म साबित हुई। वर्ष 2009 में प्रदर्शित फिल्म मै और मिसेज खन्ना में प्रीति जिंटा ने कैमियो किया। इसके बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। वर्ष 2013 में प्रदर्शित अपनी निर्मित फिल्म इश्क इन पेरिस के जरिये प्रीति जिंटा ने कमबैक किया लेकिन यह फिल्म सफल नहीं रही है। प्रीति जिंटा ने वर्ष 2016 में अमेरिकन नागरिक जीन गुडइनफ से शादी की है। शादी के बाद प्रीति जिंटा ने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया है।




## बोनी बनाएंगे नो एंट्री का सीक्वल



**मुंबई,31 जनवरी (वार्ता)।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में फिल्म नो एंट्री बनाई थी। इस फिल्म में सलमान खान,अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलीना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता ने अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी करेंगे। कहा जा रहा है कि नो एंट्री के सीक्वल में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

## 'डांस दीवाने' को जज करना मेरा सबसे अच्छा फैसला सुनील शेट्टी

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्टर सुनील शेट्टी, जो 'डांस दीवाने' में जज के रूप में नजर आ रहे हैं, ने साझा किया कि उन्हें अपनी मां, पत्नी माना, बेटी अथिया और बेटे अहान से जबरदस्त सपोर्ट मिला है। शो के जरिए अपने करियर में बदलाव लाने पर सुनील ने खुलासा किया कि उनके परिवार का इसमें आकर्षण था, जिसने उन्हें डांस बैटल के जज की सीट तक पहुंचाया। 'मोहरा' फेम एक्टर ने कहा : यह शायद सबसे अच्छा फैसला है जो मैंने लिया है। शुरू में, मुझे इस फैसले पर संदेह था। जब शो की टीम मेरे पास आई तो मैंने पूछा, 'मैं ही क्यों?' मैं शायद डांस के मामले में देश में सबसे ज्यादा अनाड़ी हूं। टीम ने बताया कि वे इस डांस दीवाने के साथ इस सोच को बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा 'आप बस दीवाने बनके एप्रिशिएट करो जो आपको अच्छा लगता है', इससे मैं कंफर्टेबल हो गया। सुनील ने प्लेटफॉर्म, शो और को-जज माधुरी दीक्षित को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मैंने इस बदलाव को अपनाया।'डांस दीवाने' हर उम्र के डांसर्स के लिए सबसे ग्रैंड स्टेज पेश करने वाला है। डांस फ्लोर अविश्वसनीय कलाकारों की तीन जनरेशन को एकजुट करने के लिए तैयार है। डांसिंग क्वीन माधुरी दीक्षित नेने जजों के पैनल में फिर से शामिल हुई हैं।



# सपा के पीडीए पखवाड़े के तहत कई गांवों में जनपंचायत का हुआ आयोजन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज दिनांक 1 फरवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर 26 जनवरी से चल रहे पीडीए पखवाड़े के तहत सदर विधानसभा के सोनहरिया और सिकन्दरपुर गांव तथा जखनियां विधानसभा के खड़वाडीह, केशरूवा, कुद्दनपुर और राजापुर में जनपंचायत का आयोजन किया गया। मेदनीपुर में आयोजित जनपंचायत को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा ने कहा कि देश में पूंजीपति चला रहे हैं सरकार। जिन प्रदेशों में पूंजीपतियों के हित की अनदेखी की जा रही हैं वहां की सरकारों को बेदखल करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि मंहगाई , बेरोजगारी, लचर कानून व्यवस्था के चलते बढ़ते जनाक्रोश और अपनी गिरती साख से जनता का ध्यान हटाने के लिए विरोधी दलों के नेताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जितना वक्त यह सरकार विरोधी दलों के नेताओं को तंग करने और उनसे बदला लेने में लगा रही है उतना वक्त जनसमस्याओं को हल करने में लगाती तो देश और समाज का बहुत कुछ भला हो जाता। उन्होंने कहा कि ब्रिटानी हुकूमत हो, चाहे इंदिरा जी की तानाशाही हुकूमत, चाहे मोदी जी का दमनपूर्ण शासन समाजवादी न किसी के सामने झुकें हैं और न झुकेंगे।भाजपा सरकार यह समझती है कि उत्पीड़न और दमन करने पर समाजवादी उनके सामने घुटने टेक देंगे तो यह उनकी गलतफहमी है। दुनिया उनके सामने भले ही झुक जाये समाजवादी उनके सामने झुकने वाले नहीं। आज देश की दशा और दिशा अत्यंत दयनीय है। चारों तरफ अराजकता का बोलबाला है। मजदूर, किसान, नौजवान, व्यापारी, महिला, शिक्षक छात्र सभी पीड़ित हैं। मंदिर - मस्जिद के नाम पर देश को बांटने की साज़िश हो रही हैं। जनता के बुनियादी मुद्दों के स्थान पर झूठे एवं मनगढ़ंत मुद्दों के जाल में देशवासियों को फंसाया जा रहा है। यह सरकार पूरी तरह से जनविरोधी साबित हुई है। उन्होंने युवाओं से भाजपा सरकार के खिलाफ लामबंद होने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की अग्नि वीर योजना नौजवानों के साथ धोखा है। खासकर पुर्वांचल के नौजवानों की जिनकी फौज में सबसे ज्यादा भागीदारी रहती है। उन्होंने तत्काल इस योजना को निरस्त कर फौज की पुरानी नौकरी को बहाल करने की मांग किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बन चुकी है। इस सरकार का रवैया तानाशाही पूर्ण है। यह सरकार जनता के हित को दरकिनार कर मनमाने फैसले ले रही हैं। इस सरकार का सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा हो गया है। प्रेस भी भाजपा के पूंजीपति मित्रों के नियंत्रण में है। मीडिया अपनी जिम्मेदारी मानते हुए सरकार से सवाल नहीं कर रही है बल्कि उसके कसीदे पढ़ रही? है। उन्होंने कहा कि यदि इस सरकार को बेदखल नहीं किया गया तो न लोकतंत्र बचेगा न संविधान। इस बैठक में मुख्य रूप से पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, तहसीन अहमद, रमेश यादव, शिशु यादव, अवधेश यादव, आमिर अली, चंदन यादव, साहब यादव, हिमासुद्दीन, मार्कंडेय यादव आदि उपस्थित थे।

## सपा कार्यालय पर आयोजित की गई शोकसभा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज दिनांक 1 फरवरी को समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में पार्टी कार्यालय समता भवन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अमलधारी यादव की नृशंस रुप से हुई हत्या पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा कि अमलधारी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता थे। उनकी हुई हत्या से पूरी पार्टी आक्रोशित और मर्माहत है। उन्होंने कहा कि योगीराज में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नही रह गयी है। आये दिन अपराधी मनमाने तरीके से आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सत्ता संरक्षित अपराधियों के हौंसले बुलन्द हैं। उन पर लगाम लगाने और गिरफ्तार करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। कानून व्यवस्था के सवाल पर योगी सरकार पूरी तरह फेल है। अखिलेश जी के राज को जंगलराज बताने वाले भाजपाई आज पूरी तरह से मौन है।लगता है उनकी जवान उनकी तालू से पूरी तरह चिपक गयी है। उन्होंने जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार करने की भी मांग किया। इस शोकसभा में मुख्य रूप से पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, आमिर अली,मदन यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, रविन्द्र प्रताप यादव, निजामुद्दीन खां,विन्ध्याचल यादव, विजय शंकर यादव, सुभाष यादव, कमलेश यादव आदि उपस्थित थे। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने आज मृत कार्यकर्ता अमलधारी यादव के गांव अतरसुआ जाकर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया और कहा कि पूरी पार्टी हर वक्त आप लोगों के साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी। इस दौरान उनके साथ पुर्व विधान परिषद सदस्य विजय यादव, जिला सचिव राजेश यादव आदि उपस्थित थे।

# तीन सौ बौद्ध भिक्षुओं ने विश्व शांति के लिए की शाक्या मोनलम पूजा



प्रखर वाराणसी। सारनाथ के बुद्धा सिटी कालोनी में मोनलम बौद्ध मंदिर में दो दिवसीय पूजा का समापन गुरुवार को तीन सौ बौद्ध भिक्षुओ ने विश्व शांति के लिए शाक्या मोनलम पूजा की। इस दौरान भगवान बुद्ध प्रतिमा का बौद्ध परम्परानुसार प्राण प्रतिष्ठा किया गया। दी ग्रेट शाक्या मोनलम फाउंडेशन के तत्वावधान में शाक्या सम्प्रदाय के 43वे शाक्या ठिजिंग रिंपोछे के नेतृत्व में भूमि स्पर्श मुद्रा में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष बैठ कर तीन सौ बौद्ध भिक्षुओं ने सुबह 10 बजे से मोनलम पूजा की।जो लगभग दो घण्टे तक चली।इसके बाद बौद्ध मंत्रोउच्चरणं के बीच भगवान बुद्ध प्रतिमा का प्रण प्रतिष्ठा किया गया। इसके पूर्व भिक्षु शाक्या ठिजिंग रिंपोछे व भिक्षु अभय बज्र रिंपोछे ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष केसरयुक्त चावल,पवित्र जल,खाता एंव दिप जलाकर विधिवत पूजा किया।इस दौरान जिलाधिकारी एस राजलिंगम , लद्दाख के सांसद जमयांग छेरिंग नामग्याल ने बुद्ध प्रतिमा पर दीप जलाकर पूजा की। इस दौरान पूजा में श्रीमती रिचेन लहामो, भिक्षु खेम्पो अर्टिन ,प्रबंधक नीमा थापा, सह प्रबंधक राकेश,भिक्षु चंदिमा, आर के मौर्या सहित सभी बौद्ध मठ के भिक्षु व तिब्बती संस्थान के छात्र छात्राए शामिल रही।

# किसानों के विकास में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण



प्रखर पिंडरा वाराणसी। विकास के बदलते दौर में प्राइवेट बैंक भी समाज के महत्वपूर्ण अंग किसानों को जोड़ने में लग गये हैं। बदलाव की यह कड़ी कल ग्राम जमापुर में देखने को मिली। जिसमें एचडीएफसी बैंक द्वारा कैंप लगाकर पिंडरा ब्लाक के 10 गांवों में चल रहे किसान क्लब का खाता खोला गया तथा बैंक की टीम द्वारा किसानो और आम जनमानस के लिए चल रही बैंकिंग सेवाओं के बारे में जानकारी दी गयी। कैंप के दौरान एचडीएफसी बैंक के कलस्टर हेड के के मिश्रा तथा एरिया हेड शरद कुमार द्वारा बताया गया कि आज बैंक द्वारा समाज के प्रत्येक तबके हेतु बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें किसान गरीब और छोटेकारोबारी के लोग भी बेझिझक एचडीएफसी बैंक के सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं इस दौरान उन्होंने लोगों को बैंक के समय दायित्व कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया उन्होंने बताया कि एचडीएफसी बैंक द्वारा वर्तमान समय में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम अंतर्गत वाराणसी जिले में पिंडरा ब्लाक के 15 गांव में आदर्श गांव विकसित करने हेतु पिछले 3 साल से कार्यक्रम किया जा रहे हैं जिसके सकारात्मक परिणाम स्वरूप स्कूलों का विकास किसानों के खेती में सहयोग तथा महिलाओं की आजीविका हेतु प्रशिक्षण एवं अन्य सहायक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है और आगे भी कराई जाएगी बैंक अपने सामाजिक दायित्व निर्वहन एवं विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। इस दौरान किसान क्लब से जुड़े लोगों के खाते जीरो बैलेंस पर खोलने की घोषणा की। बताते चलें कि एचडीएफसी बैंक व अम्बुजा सीमेंट फाउंडेशन के सहयोग से प्रत्येक गांव को स्मार्ट बनाने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लाखों रुपये खर्च कर स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि क्षेत्र में काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान जमापुर, अजईपुर, रोह, सराय, घोघली, लोकापुर, नंदापुर, बाबतपुर , रमईपट्टी और निहालापुर के किसान क्लब के पदाधिकारी, ग्राम पंचायत सदस्य ग्रामीण तथा अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के अजय सिंह, दीनानाथ सिंह, सुनील कुमार एवं अंशु आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार जीरो टॉलरेंस के नीति पर काम कर रही है : प्रमोद वर्मा

प्रखर ब्यूरो जखनिया/गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी मंडल जखनियां प्रथम द्वारा दीवार लेखन कार्यक्रम का शुभारंभ बूथ संख्या 203 जखनिया बाजार में दीवार लेखन कर फिर एक बार मोदी सरकार और कमल का फूल जगह-जगह बनाकर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं को उपस्थिति में किया गया। उक्त अवसर पर प्रमोद वर्मा ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से बनी है तब से लेकर आज तक मोदी सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ सीधे सभी आम जनता को मिल रहा है। आने वाले दिनों में और भी ऐसी कई योजनाएं मोदी सरकार चलाने वाली है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और उसे मुख्य धारा से जोड़ना है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, तब से लेकर आज तक भ्रष्टाचार का एक भी आरोप सरकार पर नहीं लगा है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने का काम कर रही है, अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। जीरो टॉलरेंस के नीति पर काम कर रही है। मोदी सरकार ने विगत 10 वर्षों में कई ऐतिहासिक काम किए हैं। आज भारत विश्व का पांचवा आर्थिक शक्तिशाली देश है, भारत ने विकसित जी-20 की अध्यक्षता किया। भारत ने अंतरिक्ष में अपना परचम स्थापित किया। आज भारत अपने दुश्मनों को दूसरे के देश में भी घुसकर सबक सिखाता है। मोदी सरकार ने महिलाओं को उचित सम्मान उनका हक, नौजवानों को रोजगार, किसानों को आर्थिक सहायता और हर गरीब परिवार को पक्का मकान देने का भी काम किया है। भाजपा ने दो प्रधान, दो विधान, दो निशान को कश्मीर से समाप्त किया और धारा 370 हटाया और सालो से प्रतिक्षित बहुसंख्यक हिंदू समाज के आस्था के केंद्र श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण भी अयोध्या में कराया। इसलिए आप सभी भाइयों, बहनों वह मित्रों से आग्रह की 2024 के आम चुनाव में यहां से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनावें और मोदी जी के हाथों को मजबूत करें, तभी देश का सर्वांगीण विकास होगा और हमारे क्षेत्र का भी विकास होता रहेगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर राजभर, पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर यादव, महामंत्री पीयूष सिंह, राजेश जायसवाल, अशोक गुप्ता, प्रशांत सिंह, दिनेश यादव, राहुल चौरसिया, विनोद गुप्ता सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।




# पीडीए से ही समाज का हित सार्थक होगा: ऋषि यादव

**चौपाल लगाकर समाजवादी कुटिया के संचालक ने दी जानकारी**

थानागद्दी, जौनपुर। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर प्रदेश के सभी जिले में गांव-गांव चौपाल लगाकर पीडीए पखवाड़ा का आयोजन चल रहा है। इसी क्रम में समाजवादी कुटिया के संस्थापक ऋषि यादव जो केराकत विधानसभा के पीडीए पखवाड़ा के प्रभारी हैं, ने केराकत के रेहारी, मढ़ी, औवार में पिछड़ा–दलित बाहुल्य गांवों में बता रहे हैं कि पीडीए की मूल अवधारणा पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक, आधी आबादी, आदिवासी व विकास की धारा में अगड़े–पिछड़े समाज को सशक्त रुप से सामाजिक व राजनीतिक भागीदारी प्रदान करना है। केराकत विस क्षेत्र के जरहिला कला गांव में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी कुटिया के संस्थापक/संचालक ऋषि यादव ने बताया कि पीडीए ही एकमात्र रास्ता है जिससे समाज का हित सार्थक होगा। उनको सरकारी नौकरी में ठीक से आरक्षण मिलेगा। राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। निजी क्षेत्रों में आरक्षण जैसी न्यायकारी व्यवस्था लागू हो सकेगी। श्री यादव ने बताया कि जहां यह चौपाल आयोजित हो रही है, लोग जागरूक व सचेत होकर पीडीए पखवाड़ा के उद्देश्य को समझकर एकजुट हो रहे हैं। ग्रामीण लोगों को यह बात समझ आ रही है कि वह लोग अपने लिए एक बेहतर व समुचित व्यवस्था स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार है। इस अवसर पर नीरज यादव केराकत अध्यक्ष विधानसभा, अजित जी, पंधारी यादव ब्लॉक अध्यक्ष जलालपुर, डॉ हरिराम जी, गुड्डू चौहान जी ब्लॉक अध्यक्ष मुफ्तीगंज, आनंद पाल जी, गुलाब चंद्र पटेल प्रधान जी, प्रदीप सरोज जी, खुर्शीद आलम, मोहम्मद सलीम जी, मोहम्मद साहिल जी, पिंटू, यूनुस शेख, अरबाज सहित माम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीरज यादव अध्यक्ष विधानसभा केराकत एवं संचालक पवन मंडल महासचिव विधानसभा केराकत ने किया।



# जाने क्यों होता है आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई और अन्नप्राशन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय संस्कृति में मानव जीवन के लिए निर्धारित 16 संस्कारों में से दो महत्वपूर्ण संस्कार आंगनबाड़ी केंद्रों पर पूरे किए जा रहे हैं। केंद्र के क्षेत्र में आने वाली गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म का आयोजन लगातार किया जा रहा। इसके अंतर्गत पारंपरिक मंगलगीत के साथ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की जा रही है। आंकड़ों की बात माने तो मौजूदा समय में जनपद में 4127 आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से चल रहे विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत करीब 4000 से ऊपर गर्भवती की गोद भराई और 4000 से ऊपर बच्चों का अन्नप्राशन कराया जा चुका है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि गोद भराई संस्कार जहां गर्भवती माताओं को सौभाग्यवती बनाता है। वहीं अन्नप्राशन संस्कार शिशुओं को मानसिक व शारीरिक रूप से विकसित करने के लिए किया जाता है। माना जाता है कि संस्कार का प्रभाव व्यक्ति के चरित्र पर पड़ता है। मानव जीवन 16 संस्कारों के तहत ही संपन्न होता है। संस्कारों को बढ़ावा देने व आम लोगों को आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ने के लिए महिला व बाल विकास मंत्रालय ने इसकी पहल किया था। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा गोद भराई और अन्नप्राशन कुपोषण से सुपोषण की ओर ले जाने की एक सार्थक पहल है। जो विभाग के इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में यह संदेश दिया जाता है कि गर्भवती माता के गर्भ में पल रहा बच्चा देश का भविष्य है। और इनको पोषण और प्रोटीन युक्त आहार देंगे तो यह स्वस्थ रहेंगे। वहीं अन्नप्राशन को लेकर बताया कि स्तनपान नवजात शिशु के लिए संजीवनी के समान है। और 6 माह की उम्र पार करने के बाद दूध से बने खीर से उनका अन्नप्राशन करने का उद्देश्य होता है कि अब बच्चे को मां के दूध के साथ ही अब उसे थोड़ा-थोड़ा अन्न भी दिया जा सकता है। उन्होंने बताया की सरकार की इस योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र पर चार से सात माह की गर्भवती महिलाओ की गोद भराई के लिए सभी तरह के पारंपरिक रीति-रिवाज पूरे किए जाते हैं,ताकि महिला को घर जैसा वातावरण के साथ साथ पोषण आहार नियमित रूप से पौष्टिकता युक्त खाद्यान्न मिले। गोद भराई कार्यक्रम से पूर्व आंगनबाड़ी केंद्र को गुलाल से रंगोलियां बनाकर सजाया जाता है। बकायदा गर्भवती महिलाओं को माला पहना व मंगलगीत के बीच मुंह मीठा कर उन्हें गोद भराई से जुड़ी अन्य सामग्री मुहैया कराई जाती है। साथ ही सुरक्षित प्रसव व शिशु के आहार चार्ट की जानकारी देकर जागरूक किया जाता है। केंद्र पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया जा रहा है। साथ ही आसपास के गली मोहल्ले की महिलाओं को बुलाकर स्वागत व मंगल गीत गाए जाते हैं। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों के महत्व के बारे में बताया जाता है, ताकि केंद्र के प्रति लोगों का रुझान बढ़े।

## भोजन माताओं में कंबल का किया वितरण



प्रखर पिंडरा वाराणसी। जब शिक्षक संवेदनाओं को जमीन पर उतरता है तो यही बच्चों के लिए प्रेरक बन जाता है।इसी की बानगी कंपोजिट स्कूल रमईपट्टी पिंडरा के प्रांगण में प्रार्थना सभा के दौरान देखने को मिली। जब शिक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय ने विद्यालय में रसोईया माताओं सुदामा, राधिका,चमेला,माया,सीमा और सुदामा देवी को मौसम के ठंड से बचने के लिए उपहार स्वरूप कंबल भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक,शिक्षिकाएं, अनुदेशक व शिक्षामित्र उपस्थित रहे।कमलेश अपनी नियुक्ति वर्ष 1999 से ही प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद बच्चों व अभिभावकों को ड्रेस,जूता, मोजा,स्वेटर,कंबल, किताब, कलम एवम स्टेशनरी आदि का उपहार स्वयं के प्रबंध से देने के अतिरिक्त गौरैया तथा पर्यावरण संरक्षण का भी सतत प्रयास कर रहे है।उनके पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के लिए मथुरा के डायट प्राचार्य, वाराणसी के डायट प्राचार्य सहित भदोही के जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी द्वारा द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

# संक्षिप्त खबरें

## 2 अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए दी गयी 20-20 की सजा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान "OPERATION CONVICTION" के अन्तर्गत मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा की गयी लगातार प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 2 अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए दी गयी सजा। दिनांक 01.02.2024 को मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन के प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप थाना रेवतीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 44/23 धारा 376D, 506 भादवि व 5g/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में 2 अभियुक्तगण 1. अनुप यादव पुत्र स्व0 कमलेश यादव 2. मिन्टू राजभर पुत्र हीरालाल राजभर निवासीगण हसनपुरा थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर के विरुद्ध लगातार किये गये प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभियुक्तगण उपरोक्त को धारा 6 पाक्सो एक्ट में 20-20 वर्ष का कठोर कारावास व 45000-45000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित, अर्थदण्ड अदा न करने पर 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास, धारा 506 भादवि में 1-1 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया।

## 69 के हुए विधायक डॉ अवधेश सिंह, काशी में ऐसे मनाया गया जन्मदिन

प्रखर वाराणसी। क्षेत्र के बाबतपुर स्थित आशा महाविद्यालय में पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंहः का 69 वा जन्मदिन बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में पिंडरा विधायक डा अवधेश सिंह ने जन्म दिन केक काटकर मनाते हुए कहा कि पिंडरा विधानसभा के लोगो ने जो मान सम्मान दिया है उसे मैं अभिभूत हूँ एक जनप्रतिनिधि के तौर पर आपकी अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करूंगा। इसके पूर्व आशा इंस्टीट्यूट से जुड़े मेधावी छात्र छात्राओं और अधिकसरियो व कर्मचारियो को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कालेज के छात्र छात्राये सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोग भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ एसडी अग्रवाल,डॉ जे पी दुबे, प्रभात सिंह मिंटू, अजय ऊदल, बबलू मिश्र, गुडु सिंह, राजेश चौरसिया, झगडू मिश्रा, दिलीप सिंह प्रधान, संदीप राय, सचिन दुबे,अभिषेक राजपूत, कैप्टन दिनेश पाण्डेय, अतुल रावत, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## आउटडोर एल. ई.डी.होर्डिंग के माध्यम से गाँवों में पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यक्रम का आयोजन



प्रखर संतकबीर नगर। विकास खण्ड पॉली राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे तथा ग्रामीण जिला पूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत आउटडोर एल.ई.डी. होर्डिंग एक्शन फॉर रूलर डेवलपमेंट की टीम को विकाश खण्ड अधिकारी श्री विवेकानन्द मिश्रा,सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री दलसिंगार यादव व सचिन व ग्राम प्रधान एवं अन्य अधिकारी गण द्वारा हरी झंडी दिखाकर विकास खण्ड स्तरीय व राजस्व स्तरीय एल.ई.डी.व होर्डिंग फ्लेक्सी बैनर जनपद स्तरीय तहसील,ग्राम पंचायत व राजस्व स्तर के लिए रवाना किया । जो पूरे ब्लाक स्तरीय व राजस्व स्तरीय पर आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से जन जागरूकता का कार्य करेंगी एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट संस्था डी.पी.सी. सक्षम प्रताप सिंह व सहायक डी.पी.सी. नीरज जायसवाल के द्वारा ब्लॉक स्तर,राजस्व एवं ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया गया।

## मगहर महोत्सव में 03 फरवरी के संभावित आगमन को लेकर स्थानीय प्रशासन मुस्तैद




प्रखर संतकबीरनगर। प्रदेश के यशवसी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संभावित 3 फरवरी के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैयत सूत्रों की माने तो जिला प्रशासन द्वारा अंदर-अंदर तैयारी का जायजा लेते हुए मुकम्मल तैयारी कर चुकी हैं, बताते चलो की वर्तमान समय में सूफी संत महात्मा कबीर की परी निवार्ण स्थली पर सात दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 28 जनवरी से शुरू होकर 3 फरवरी तक चलने वाले कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आगमन हो सकता है सूत्रों की माने तो सामूहिक विवाह का कार्यक्रम भी मगहर महोत्सव के मुख्य मंच से लगा हुआ है । संभावना व्यक्त की जाती है कि उक्त कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री का आगमन हो सकता है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं